ज्ञानामृत

जो कोई भी हों, सैकड़ों मित्र बनाने चाहिये। देखो, मित्र चूहे की सहायता से कबूतर (जाल के) बंधन से मुक्त हो गये थे।

▶▶ पंचतंत्र

विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, शुक्रवार, 16 मई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 131 | पेज- 08 | मूल्य- ₹2.00/-

न्यूज इन शॉर्ट

2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में पूर्वोत्तर रीजन की अहम भूमिका

नई दिल्ली, एजेंसी। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पाने में पूर्वोत्तर राज्यों की अहम भूमिका होगी। 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर समिट' के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम "हमारे अद्भुत 'अष्ट लक्ष्मी'- आठ राज्यों को प्रदर्शित करेगा।" केंद्रीय मंत्री ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प, प्रतिबद्धता और उनका विजन यह सुनिश्चित करना है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र भविष्य के विकास और भारत के भविष्य के मार्ग का केंद्र बने, क्योंकि देश 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है।" सिंधिया ने कहा कि सकल बजटीय सहायता (जीबीएस) का 10 प्रतिशत (लगभग एक लाख करोड़ रुपए) प्रति वर्ष पूर्वोत्तर को दिया जाता है।

भारत आईवियर सेक्टर के लिए ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात केंद्र बन सकता है: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लेंसकार्ट के सह-संस्थापक और सीईओ पीयूष बंसल से मुलाकात की। इस मुलाकात में इस बात पर चर्चा की गई कि भारत आईवियर सेक्टर के लिए कैसे निर्यात का केंद्र बन सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि उन्हें कंपनी की प्रभावशाली सामाजिक पहलों के बारे में जानकर खुशी हुई। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, "लेंसकार्ट के सह-संस्थापक और सीईओ पीयूष बंसल से मुलाकात की और चर्चा की कि भारत आईवियर के लिए वैश्विक विनिर्माण और निर्यात केंद्र कैसे बन सकता है।"

डीआरडीओ ने तटरक्षक बल के लिए विकसित की समुद्री जल से नमक हटाने की स्वदेशी तकनीक

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक बड़ी खोज की है। इस खोज के तहत डीआरडीओ ने विलवणीकरण यानी समुद्री जल से नमक निकालने की स्वदेशी प्रक्रिया विकसित की है। इस प्रक्रि या का लाभ विशेष रूप से भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के जहाजों को मिलेगा। डीआरडीओ ने समुद्री जल विलवणीकरण के लिए स्वदेशी नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पॉलीमेरिक झिल्ली को तैयार किया है। डीआरडीओ की कानपुर स्थित प्रयोगशाला, रक्षा सामग्री भंडार और अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई) ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के जहाजों में विलवणीकरण संयंत्र के लिए यह प्रौद्योगिकी विकसित की है।



श्रीनगर में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, 'पाकिस्तान से बात सिर्फ आतंकवाद, पीओके पर होगी',

नई दिल्ली, एजेंसी। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित बादामी बाग कैंट पहुंचे। यहां उन्होंने सेना के जवानों से बातचीत की और उन्हें संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि मैं आज आपकी उस ऊर्जा को महसूस करने आया हूं, जिसने दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, "पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में हताहत हुए सभी निर्दोष नागरिकों और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों को नमन करता हूं। मैं घायल सैनिकों के साहस को भी नमन करता हूं और ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि वो जल्द से जल्द स्वस्थ हों।

गलगम में मुख्यमंत्री साय ने बढ़ाया जवानों का हौसला, कहा-

आपके शौर्य और निष्ठा से ही नक्सलवाद के खिलाफ इस लड़ाई को हम जीत रहे हैं

विजय मत, रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बीजापुर जिले के उसूर तहसील के अंदरूनी गांव गलगम पहुंचे, जहाँ उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों और स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर हालिया नक्सल विरोधी अभियान की सफलता पर चर्चा की। इस अभियान में सुरक्षा बलों ने करेगुट्टा की पहाड़ी पर 21 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 कुख्यात माओवादी आतंकियों को मार गिराया और बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। मुख्यमंत्री साय ने इस अभियान को नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री साय ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे के उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों ने अदम्य साहस और समर्पण के साथ इस ऑपरेशन को सफल बनाया है। यह न केवल बीजापुर बल्कि पूरे राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। गलगम और करेगुट्टा का क्षेत्र लंबे समय से नक्सलियों का गढ़ माना जाता रहा है और इस अभियान ने इस इलाके को सुरक्षित बनाने की दिशा में नई उम्मीद जगाई है। सीआरपीएफ जवानों से मुलाकात के दौरान साय ने उनके साहस की सराहना की और कहा कि आपके शौर्य और निष्ठा से ही हम नक्सलवाद के खिलाफ इस लड़ाई को जीत रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमें सरकार में आए डेढ़ साल हुए हैं और इस अवधि में हमने राज्य में सुशासन स्थापित करने का प्रयास किया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आप लगातार अनेक कठिन नक्सल विरोधी ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं। आप 44 डिग्री की गर्मी में भी ऑपरेशन चलाते हैं। ऐसे जवानों के अदम्य साहस को मैं नमन करता हूँ। उन्होंने बताया कि वे सुरक्षा कैम्प को सुविधा कैम्प मानते हैं क्योंकि सुरक्षा कैम्प के माध्यम से अब बस्तर के सुदूर इलाकों में अनेक तरह की सुविधाएं पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री साय के कहा कि जब हमारी सरकार आयी तो इस क्षेत्र में सबसे पहला कैम्प मूलेर में खोला गया। आज मूलेर समेत आसपास के गांव में राशन की सुविधा, बिजली, स्वास्थ्य, स्कूल, मोबाइल टॉवर जैसी सुविधाएं मिलने लगी हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में नक्सल विरोधी अभियान में लगातार सफलता मिल रही है। राज्य में मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने का लक्ष्य है, निश्चित रूप से फोर्स के जवानों के अदम्य साहस की बदौलत हम इस संकल्प को पूरा कर लेंगे। उन्होंने कहा बस्तर में नियद नेल्ला नार योजना ने स्थानीय लोगों से जुड़ने में अहम भूमिका निभाई है।

अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्रामीण हितग्राहियों से भी मुलाकात की और उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड का वितरण करते हुए पीएम आवास योजनांतर्गत स्पेशल प्रोजेक्ट नक्सल पीड़ित व आत्मसमर्पित परिवारों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सरकार क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक तेज गति से करेगी साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य है, और इसके लिए सुरक्षा बलों के साथ-साथ स्थानीय समुदायों का सहयोग भी जरूरी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा, ताकि ग्रामीण मुख्यधारा से जुड़ सकें। इसके साथ ही, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

राज्य शासन ने कलेक्टरों को लिखा पत्र

रियायती लीज दर पर सार्वजनिक उपक्रमों, तेल और गैस विपणन कंपनियों को दी जाएगी जमीन

विजय मत, रायपुर

राज्य शासन ने जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए नगरीय निकायों में स्थापित किये जाने वाले बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु भूमि आबंटन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी परिपत्र में विगत 17 अप्रैल को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि मंत्रिपरिषद के निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट-सह-कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि का आबंटन किया जाना है। बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित नगरीय निकाय को अधिकृत किया गया है।

राज्य शासन ने नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए अधिकतम दस एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन रियायती लीज दर एक रुपए प्रति वर्गमीटर के मान से करने के लिए कलेक्टरों को निर्देशित किया है। विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को अधिकतम 25 वर्षों की लीज पर भूमि आबंटित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

सीजी बोर्ड एग्जाम के लिए स्टूडेंट्स को मिलेगा एक और मौका

जुलाई में होगी 10-12वीं बोर्ड की दूसरी परीक्षा फेल-अबसेंट और ग्रेड सुधारने का मौका

विजय मत, रायपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड के छात्रों को सेकेंड चांस देने का बड़ा फैसला लिया है। अब जो छात्र मार्च 2025 में हुई पहली मुख्य परीक्षा में फेल हो गए थे, परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे या फिर अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे सभी जुलाई में होने वाली सेकेंड मेन एग्जाम में शामिल हो सकेंगे। यह व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू की गई है। जिसके अनुसार अब एक शैक्षणिक सत्र में छात्रों को दो बार बोर्ड परीक्षा देने का मौका मिलता है। यानी अगर कोई छात्र पहली बार में सफल नहीं हो पाया, तो साल के बीच में ही दोबारा परीक्षा देकर पास होने या बेहतर अंक लाने का मौका पा सकता है। दूसरी मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया मई के तीसरे सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। पिछली बार हुई दूसरी परीक्षा में करीब 82,000 छात्र शामिल हुए थे। इस बार यह संख्या और बढ़ने की संभावना है।

आवेदन करने की महत्वपूर्ण तारीखें

सामान्य शुल्क के साथ:
20 मई 2025 से
11 जून 2025 तक

विलंब शुल्क के साथ:
12 जून 2025 से
20 जून 2025 तक

विशेष विलंब शुल्क के साथ:
21 जून 2025 से
30 जून 2025 तक

मुस्लिम पुरुष चार शादियां करें लेकिन जब वह सभी पत्नियों के साथ समान व्यवहार कर सकें

इलाहाबाद, एजेंसी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पुरुषों के एक से अधिक शादी करने पर की अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम पुरुषों को दूसरी शादी तभी करनी चाहिए, जब वह सभी पत्नियों के साथ समान व्यवहार कर सकें। कुरान में खास वजहों से बहु विवाह की इजाजत की गई है। लेकिन, पुरुष इसका अपने स्वार्थ के लिए दुरुपयोग करते हैं।

हाईकोर्ट ने मुरादाबाद से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि मुस्लिम पुरुष को दूसरी शादी करने का तब तक कोई अधिकार नहीं है। जब तक वह सभी पत्नियों के साथ समान व्यवहार निभाने की क्षमता न रखता हो।

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में हुए मुठभेड़ में जैश के तीन आतंकवादी ढेर

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र शासित प्रदेश में 48 घंटे के भीतर यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले श्रीनगर मुख्यालय सेना की 15वीं कोर ने एक्स पर कहा, 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी से विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर, भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और श्रीनगर सेक्टर सीआरपीएफ द्वारा नादेर, त्राल, अवंतीपोरा में एक कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान संदिग्ध गतिविधि देखी गई। सुरक्षाबलों द्वारा एक अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को मार गिराने के दो दिन बाद हुई है। पुलवामा जिले के अवंतीपोरा सब-डिवीजन के त्राल इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और छिपे हुए आतंकवादियों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई थी।

कंठी घाट पर बारातियों से भरी बस खाई में गिरी, 3 की मौत; 63 घायल

विजय मत, ब्यूरो बलरामपुर

बलरामपुर जिले के कंठी घाट पर गुरुवार दोपहर बारातियों से भरी तेज रफ्तार बस खाई में गिर गई। हादसे में 3 बारातियों की मौत हो गई, जबकि महिला-बच्चे समेत 63 लोग घायल है। वहीं, गंभीर रूप से घायल 7 बारातियों को मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। घटना बलरामपुर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, शंकरगढ़ के बेलकोना निवासी गुंजन रात के बेटे सुनील की शादी झारखंड के बरगढ़ में तय हुई थी। गुरुवार को करीब 70 से 80 ग्रामीण बस में सवार होकर बारात के लिए निकले थे। इसी दौरान चांदो थाना क्षेत्र के कंठी घाट पर बस बेकाबू होकर लुढ़कते हुए खाई से नीचे दूसरे सड़क पर गिर गई। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। बस में सवार महिला महंती पति हेमंत (27) और मांदुर पिता सीताराम (18) की मौके पर मौत हो गई। दोनों बस के अंदर ही दब गए थे। पुलिस ने जेसीबी की मदद से बस को उठाकर उन्हें बाहर निकाला। घटना की सूचना पर चांदो पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को चांदो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। बलरामपुर पहुंचने पर ममेश बड़ा (12) की मौत हो गई। बच्चा गोपालपुर से शादी में आया था।

घायलों का इलाज जारी...

बलरामपुर के सीएमएचओ डॉ.बसंत सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल में 56 घायलों को लाया गया है। जिनमें से 7 घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। बाकी घायलों का इलाज यहीं किया जा रहा है।

7 की हालत गंभीर, अंबिकापुर रेफर

वहीं, हादसे की सूचना पर बलरामपुर कलेक्टर राजेंद्र कटारा समेत प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। सीएस डॉ. सीएस शशांक गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह समेत डॉक्टरों की पूरी टीम घायलों के इलाज में जुट गई।

शाबाश ! ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना

जम्मू कश्मीर पहुंच कर आर्मी चीफ ने बढ़ाया सैनिकों का हौसला

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर पहुंचे और श्रीनगर, उरी और ऊंची बासी की फॉरवर्ड पोस्ट में सैनिकों से मिले। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सैनिकों से कहा- शाबाश। ऑपरेशन सिंदूर में आर्मी के सैनिकों की वीरता और पेशेवर दक्षता को सलाम करते हुए जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन में शामिल सैनिकों से वन टू वन बातचीत की। असाधारण प्रदर्शन करने वाले सैनिकों को व्यक्तिगत रूप से बधाई थी और उनका उत्साह बढ़ाया।

विश्व टेस्ट चैम्पियन को मिलेंगे 36 लाख डॉलर

दुबई, एजेंसी। विश्व टेस्ट चैंपियनिशप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 संस्करण की विजेता टीम को 36 लाख तथा उपविजेता को 21.6 लाख डॉलर मिलेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनिशप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 के लिए कुल पुरस्कार राशि को बढ़कर 57.6 लाख डॉलर कर दिया है। जो कि पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। चैंपियन को 36 लाख अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

ट्रंप के 'जीरो टैरिफ' बयान के बाद शेयर बाजार में उछाल, सेंसेक्स 1200 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,000 का पार

नई दिल्ली, एजेंसी

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार (15 मई) को शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सुबह 500 से ज्यादा अंक की गिरावट के बाद अब सेंसेक्स 1000 अंक उछला है। निफ्टी ने भी 25,000 के स्तर क्रास कर लिया है। इस समय सेंसेक्स 1200 अंक की तेजी के साथ 82,530 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी 385 अंक की तेजी है, ये 25,052 के स्तर पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत ने अमेरिका को एक व्यापार समझौता प्रस्तावित किया है, जिसमें अमेरिकी वस्तुओं पर ÷लगभग शून्य शुल्क÷ लगाने की बात कही गई है। इस घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखी गई। इस खबर के प्रभाव से बीएसई सेंसेक्स में 1200 अंकों से अधिक की बढ़त दर्ज की गई, जबकि एनएसई निफ्टी भी 385 अंकों से अधिक चढ़ गया।

नक्सलमुक्त भारत में हमारा अभियान सही दिशा की ओर: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की। करेंगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में चलाए गए संयुक्त अभियान में सुरक्षा बलों ने महज 21 दिनों में 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सुरक्षा बलों की सफलता दर्शाती है कि नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हमारा अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट के जवाब में पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, ÷सुरक्षा बलों की यह सफलता बताती है कि नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में हमारा अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में शांति की स्थापना के साथ उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इस ऐतिहासिक ऑपरेशन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान है।

विजय मत एंकर समय सीमा तय करने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अब राष्ट्रपति ने जताई आपत्ति

संविधान में ऐसा प्रावधान नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने किस आधार यह फैसला किया

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 8 अप्रैल 2025 को दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सवाल उठाए हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में आदेश दिया था कि राज्यपालों और राष्ट्रपति को एक तय समय में उनके समक्ष पेश विधेयकों पर फैसला लेना होगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर काफी हंगामा हुआ। अब राष्ट्रपति ने इस पर आपत्ति जताई है और कहा कि देश के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, तो सुप्रीम कोर्ट किस आधार पर यह फैसला दे सकता है।

बिल पर फैसला लेना होगा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अनुच्छेद 201 कहता है कि जब विधानसभा किसी बिल को पास कर दे। उसे राज्यपाल के पास भेजा जाए और राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दे। इस स्थिति में राष्ट्रपति को बिल पर मंजूरी देनी होगी या फिर बताना होगा कि मंजूरी नहीं दे रहे हैं।

ज्यूडिशियल रिव्यू होगा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आर्टिकल 201 के तहत राष्ट्रपति का निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। अगर बिल में केंद्र सरकार के निर्णय को प्राथमिकता दी गई हो, तो कोर्ट मनमानी या दुर्भावना के आधार पर बिल की समीक्षा करेगा। अदालत ने कहा कि बिल में राज्य की कैबिनेट को प्राथमिकता दी गई हो और राज्यपाल ने विधेयक को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के विपरीत जाकर फैसला किया हो तो कोर्ट के पास बिल की कानूनी रूप से जांच करने का अधिकार होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब कोई समय-सीमा तय हो, तो वाजिब टाइम लाइन के भीतर फैसला करना चाहिए। राष्ट्रपति को बिल मिलने के 3 महीने के भीतर फैसला लेना अनिवार्य होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में की थीं अहम टिप्पणियां

राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से राज्यपाल की शक्तियों, न्यायिक दखल और समयसीमा तय करने जैसे विषयों पर स्पष्टीकरण मांगा है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में दिए अपने फैसले में कहा था कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की ओर से भेजे गए विधेयक पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। अगर तय समयसीमा में फैसला नहीं लिया जाता तो राष्ट्रपति को राज्य को इसकी वाजिब वजह बतानी होगी।

न्यूज इन शॉर्ट

रानी धनराज कुंवर अस्पताल में लगी भीषण आग

कोरबा । नगर के मुख्य मार्ग स्थित रानी धनराज कुँवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भीषण आग लग गई।आग लगने की जानकारी मिलते ही मरीजों, उनके परिजनों और स्टाफ में हड़कंप मच गया। अस्पताल से मरीजों को किसी तरह बाहर सुरक्षित निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। दमकल की कई गाड़ियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के मुताबिक, आग अस्पताल की तीसरी मंजिल पर स्थित स्टोर रूम में लगी। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि ऑक्सीजन कन्सेन्ट्रेटर में शॉर्ट सर्किट की वजह से हादसा हुआ। आगजनी की घटना के बाद प्रसूता महिला और नवजात शिशु को लेकर परिजन अस्पताल के बाहर सड़क किनारे बैठने को मजबूर हो गए। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जानमाल की बड़ी हानि नहीं हुई, लेकिन समय रहते अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। जिला स्वास्थ्य अधिकारी एसएन केसरी ने बताया कि घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। समय रहते सभी मरीजों को बाहर निकाल लिया गया है आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

कलेक्टर ने किया ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

जांजगीर-चांपा। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निदेर्शानुसार जिले के ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे के द्वारा जिले के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड अनुरूप ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनो के रख-रखाव करने हेतु निर्देशित किया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान शशि चौधरी, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महानदी के अछोटा पुल की मरम्मत के लिए बनेगा प्रस्ताव

धमतरी। धमतरी को नगरी से जोड़ने वाली सड़क पर महानदी पर अछोटा गांव के पास बने पुल की जांच कर उसकी आवश्यकतानुसार मरम्मत की जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज इसके निर्देश लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने गुरुवार को निर्माण एजेंसियों की बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, सड़क-पुल निर्माण, भवन निर्माण से लेकर सिंचाई परियोजनाओं के कामों की विस्तृत समीक्ष की। उन्होंने महानदी पर बने वर्तमान अछोटा पुल के खराब होने की आशंका के चलते उसकी जांच करने और जरूरत के हिसाब से सुधार काम कराने का प्रस्ताव बनाने को कहा। उपस्थित सेतु संभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि उक्त पुल 1978 में बना है। पुल की रेलिंग और स्पॉसन ज्वाइंट पुराने हो गए हैं, जिन्हें बदलने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने इसके लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार करने और पुल पर सुधार कार्य के बाद डामरीकरण करने के लिए भी योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर सैनिक भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 22 जून को, रजिस्ट्रेशन 30 मई तक

उत्तर बस्तर कांकेर। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना कार्यालय कांकेर से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर सेना विभाग 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास के लिए) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 22 जून 2025 रविवार को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा राज्य के 04 जिले रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में संपादित की जाएगी। शारीरिक दक्षता में पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यापम के वेबसाइट लिंक में जाकर रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन आवेदन सबमिट करना अनिवार्य है।

रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियां की कार्यशाला आयोजित

अब फर्जी रजिस्ट्री से लोगों को मिलेगी बेहतरीन सुविधा - राजस्व मंत्री

जिले के प्रभारी मंत्री वर्मा ने रजिस्ट्री संबंधी कार्यशाला में दी विस्तृत जानकारी

विजय मत,ब्यूरो नारायणपुर।

राज्य सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतिया के संबंध में जिला पंचायत के सभा कक्ष में खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य अतिथि में कार्यशाला आयोजित किया गया। राजस्व मंत्री वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने एक ऐतिहासिक कार्य का जम्मा उठाया है, जिससे लोगों को सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मनशानुरूप अब प्रदेश के लोगों को रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियां का लाभ मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री के द्वारा रजिस्ट्री में संशोधन करते हुए लोक सेवा गारंटी मे जोड़ा गया है। भूमि स्वामी अपने अधिकार के सदुपयोग कर सकेंगे। खरीदी बिक्री हो, नामांतरण या त्रुटि सुधार कार्य भी प्रारंभ हो गया है। गांव और कस्बे में रहने वाले निवासियों के पास अपने घरों के कागजात भी आसानी से उपलब्ध कराई जाएगी। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि रजिस्ट्री के 10 नई क्रांतियां लाई गई है जो लोगों के लिए कारगर साबित होगा ।कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के द्वारा रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियां की जानकारी देते हुए बताया कि लोगों को अब फर्जी रजिस्ट्री से बचने का मौका मिलेगा साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे भी रजिस्ट्री कर सकेंगे, जिससे दिव्यांग जनों को बड़ी राहत मिलेगी तथा पैसे और समय का भी बचत होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मनशानुरूप प्रदेश और जिले के नागरिकों को रजिस्ट्री में नई क्रांति का लाभ मिलने लगेगा। फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन- क्रेता-विक्रेता की पहचान सीधे आधार नंबर और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी, जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड

खसरा नंबर दर्ज कर संपत्ति की पूर्व रजिस्ट्री की जानकारी देखी जा सकती है और रजिस्ट्री दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। इससे क्रेताओं को विवादित या बंधक जमीन की जानकारी पहले ही प्राप्त हो जाएगी।

ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र

संपत्ति पर ऋण, बंधक या पूर्व विक्रय की स्थिति अब ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र के माध्यम से आसानी से ज्ञात की जा सकती है। कई शासकीय कार्यों एवं बैंक से लोन प्राप्त करने के लिए यह प्रमाण पत्र अनिवार्य होता है।

स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान

अब स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क का एक साथ न्च्, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग आदि से कैशलेस रूप में भुगतान किया जा सकता है। पहले दोनों का भुगतान अलग-अलग स्थान पर नकदी में किया जाता था।

व्हॉट्सएप सेवायें

रजिस्ट्री के लिए स्लॉट बुकिंग, दस्तावेज की स्थिति, पंजीयन पूर्ण होने की सूचना एवं रजिस्ट्री की प्रति व्हाट्सएप के माध्यम से स्वतः प्राप्त होगी। साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से रजिस्ट्री से संबंधित शिकायतें एवं फीडबैक भी दिया जा सकेगा।

डिजीलॉकर सेवायें

पंजीकृत दस्तावेज अब डिजीलॉकर में डिजिटल रूप में संरक्षित रहेंगे, जिन्हें आवश्यकता अनुसार कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा।

रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः निर्माण पक्षकार द्वारा जानकारी भरने के पश्चात रजिस्ट्री दस्तावेज स्वतः जनरेट होगा एवं उप पंजीयक को डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज निर्माण डिजीडॉक सेवा के माध्यम से

किरायानामा, शपथ पत्र, अनुबंध जैसे गैर-पंजीकृत दस्तावेज अब घर बैठे डिजिटल स्टाम्प के साथ ऑनलाइन तैयार किए जा सकते हैं।

घर बैठे रजिस्ट्री

दस्तावेज निर्माण, स्टाम्प भुगतान और रजिस्ट्री प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन होकर घर से ही पूर्ण की जा सकती है।

फिल्टर प्लांट परिसर में अनेक विकास कार्यो का हुआ भूमिपूजन

विजय मत,ब्यूरो भाटापारा ।

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत फि ल्टर प्लांट परिसर में ?50.13 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड, शेड निर्माण एवं नाली निर्माण जैसे बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विधिवत पूजा-अर्चना कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, सतीश तलरेजा, पार्षद भुवन सिंह ठाकुर, उमा शंकर वर्मा, श्रेणिक गोलछा, कीर्तन जायसवाल, सतीश साहू, बंटी टंडन, नंदू वैष्णव, बब्बू मंधान, प्रतेश राठौड़, गेन्दू साहू, दशरथ साहू, संजय बंजारे, शुभम राजपूत, गोवर्धन डहरिया, मनीष पंजवानी एवं देवेंद्र साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही साथ ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश रात्रे, भाजपा जिला महामंत्री राकेश तिवारी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष सुनील यदु, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, चेम्बर ऑफ कॉमर्स से श्रीचंद छाबड़िया, सुभाष भट्टर, गिरधर गोविंदनी, एवं महिला मोर्चा से आएशा खान, नीरा साहू, मधु सोनी, तनुजा धृतलहरे व अंजनी जायसवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे यह भूमिपूजन नगर के सतत विकास, नागरिक सुविधा विस्तार एवं स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे भाटापारा के नागरिकों को आधुनिक और सुदृढ़ आधारभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी ।

थाना सुपेला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ली अपराध की समीक्षा बैठक

विजयमत,ब्यूरो दुर्ग।

लंबित मामलों के जल्द निराकरण के दिए निर्देश

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्री विजय अग्रवाल (भा.पु.से.) ने आज थाना सुपेला में एक समीक्षा बैठक आयोजित कर लंबित अपराधों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में थाना सुपेला के विवेचकों को धोखाधड़ी, ठगी (धारा 420 भादवि) तथा अन्य गंभीर अपराधों के निराकरण को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। बैठक के दौरान एसएसपी श्री अग्रवाल ने शरीर एवं संपत्ति से संबंधित अपराधों के शीघ्र निराकरण के लिए विवेचकों को प्रभावी रणनीति अपनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों का 60 एवं 90 दिनों के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना स्तर पर संधारित समस्त रिकॉर्ड्स को एक सप्ताह के भीतर अद्यतन करने की सख्त हिदायत दी और विवेचकों को अगले सात दिनों में अधिकतम लंबित प्रकरणों का निपटारा करने का टार्गेट सौंपा। अगली समीक्षा बैठक में प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

इस समीक्षा बैठक में रीडर प्रथम निरीक्षक अंबिका प्रसाद ध्रुव, स्टेनो श्री गोकुल राम देवांगन, थाना प्रभारी निरीक्षक विजय यादव सहित थाना सुपेला के सभी विवेचक उपस्थित रहे।

क्षतिग्रस्त घर का जनपद उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, अफसरों को कारवाई के निर्देश

विजय मत,ब्यूरो बागबाहरा।

ग्राम पंचायत सोनापुटी में बीते दिन हुए तेज आंधी तूफान से लकेश्वर निर्मलकर के घर पर गिरे पेड़ क्षतिग्रस्त हुए घर का जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने निरीक्षण किया। जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार को मिला तत्काल भौतिक निरीक्षण करने पीड़ित लकेश्वर निर्मलकर के घर पहुंचे एवं संबंध में ग्राम वासियों से बात कर जानकारी पूछा और तुरंत अनुविभागीय अधिकारी उमेश कुमार साहू से बात कर तत्काल सहयोग प्रदान करवाने के लिए कहा एवं पीड़ित परिवार को क्षतिग्रस्त हुए मकान के लिए मुआवजा हेतु उचित सहयोग करने के लिए कहा जनपद उपाध्यक्ष की बातों को संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारी जी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए अगली सुबह लकेश्वर निर्मलकर द्वारा फोन के माध्यम से जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार को जानकारी दिया कि आपकी बात सुनते हुए वन विभाग की टीम ने मौके पर खड़ा होकर घर पर गिरे पेड़ को क्रेन के माध्यम से कटवा कर हटवा दिया गया है जिससे लिए उपाध्यक्ष जी को आभार व्यक्त किया जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि हमारे बागबाहरा ब्लॉक के सक्रिय अनुविभागीय अधिकारी के नेतृत्व में हर कार्य त्वरित हो रहा है

रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया होगी पेपरलेस और कैशलेस ?

विजय मत,ब्यूरो महासमुंद।

छत्तीसगढ़ शासन की रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, जनपद अध्यक्ष बसना डिलेश्वरी निराला, जनपद सदस्य विजयलक्ष्मी जांगड़े, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला पंजीयक रूपाली बोस एवं राजस्व एवं पंजीयन विभाग के अधिकारी, स्टाम्प वेंडर शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने पंजीयन कार्यां को पारदर्शी, डिजिटल और भ्रष्टाचार रहित बनाने के लिए ऐतिहासिक पहल की है। इससे रजिस्ट्री की 10 क्रांतियों से आमजनों एवं किसानों को त्वरित लाभ मिलेगा। रजिस्ट्री, नामांतरण में जो समस्या आती थी उसे दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 10 क्रांति लाई है जिससे पारदर्शी ढंग से रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होगा। राजस्व से जुड़े कार्यों के लिए अब लोगों को कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पंजीयन के साथ अब नामांतरण का कार्य भी तत्काल होगा। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटि का असर भूमिस्वामी पर पड़ता है, अब लोगों को इन समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। रजिस्ट्री, नामंतरण एवं अन्य समस्याओं का हल निकालने सरकार का बेहतर प्रयास है। सरलीकरण एवं सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। इससे नामांतरण की प्रक्रिया आसान हो जाएगा तथा साथ ही नागरिक डिजीलॉकर में सारे दस्तावेजों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि पारिवारिक दान, हक त्याग और बंटवारे पर पंजीयन शुल्क केवल 500 रुपए में होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में यह योजना सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

इससे रजिस्ट्री कार्य में सहुलियत होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री को इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए बधाई दिया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का सुशासन और समयबद्ध सेवा के लिए बहुत अच्छी पहल है। किसानों एवं नागरिकों को अब नामंतरण के लिए परेशानी नहीं होगी एवं सुविधाओं में विस्तार होगा उन्होंने कहा कि 10 क्रांतियों से आमजनों के लिए रजिस्ट्री, नामतरंण संबंधी समस्याओं का सामना नहीं होगी।आम जनता को फजीर्वाडे का शिकार नही होना पड़ेगा। ऑनलाईन सर्च एवं डाउनलोड की सुविधा - आम आदमी वर्षों की जमा पूंजी लगाकर स्वयं का घर खरीदते है, इसलिए संपत्ती खरीदने से पहले पूरी जांच पड़ताल आवश्यक है।

महिला सुरक्षा को लेकर महिला रक्षा टीम का सघन जागरूकता अभियान जारी

अभिव्यक्ति ऐप के 2475 डाउनलोड, 3500 से अधिक लोग हुए जागरूक

विजय मत,ब्यूरो दुर्ग।

महिला रक्षा टीम दुर्ग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर एक सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अभिव्यक्ति ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। टीम ने कोचिंग सेंटर, गर्ल्स हॉस्टल, पीजी, कन्या छात्रावासों से लेकर गार्डन और पार्कों तक पहुंचकर छात्राओं और महिलाओं को ऐप के उपयोग और इससे जुड़ी सुरक्षा सुविधाओं के प्रति जागरूक किया।

टीम द्वारा रामा कोचिंग सिविक सेंटर, डॉ. संतोष राय इंस्टीट्यूट सेक्टर 10, उड़ान कोचिंग सेंटर दुर्ग, श्री साईं गर्ल्स हॉस्टल, प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट, आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास, अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास, सेंटर नेहरू नगर, रिसाली कोचिंग सेंटर, सुनीति उद्यान, मैत्री गार्डन, प्रियदर्शिनी परिसर भिलाई, राजेंद्र पार्क और अन्य स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पेट्रोलिंग के दौरान भी महिला रक्षा टीम ने राह चलते लोगों को अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी, ऐप को मोबाइल में डाउनलोड कराया और आवश्यक इमरजेंसी नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि अपनी निजी जानकारी अनजान लोगों से साझा न करें, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करें, साइबर अपराध और महिला अपराध से सतर्क रहें तथा यातायात नियमों का पालन करें। पिछले एक सप्ताह में टीम ने कुल 26 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए और 2475 लोगों को अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराया। कुल मिलाकर 3500 से अधिक लोगों को जागरूक किया गया।

खास-खबर

अवैध अप्रवासियों पर कार्यवाही के लिए गठित एसटीएफ को मिली सफलता

अवैध रूप से भिलाई में रह रही बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार

विजय मत,ब्यूरो भिलाई नगर ।

भिलाई से एक बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार हुई है। महिला पन्ना बीवी पिता अब्दुल रॉफ (25 वर्ष) मूल रूप से दीधीरपार, दौलतपुर फुलवारी गेट पोस्ट बादामतला सिरामोनी जिला खुलना बांग्लादेश की रहने वाली है। पिछले लगभग दो साल से यह महिला अपनी पहचान छिपाकर स्वयं को काकोली घोष उर्फ अंजलि सिंह निवासी दिल्ली का होना बताकर नेहरु रोड सुपेला स्थित सूरज साव के मकान में किराए पर रह रही थी। एक पत्रकार वार्ता में दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि पुलिस को यह सफलता अवैध अप्रवासियों पर कार्यवाही के लिए गठित स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के जरिए मिली है। दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि अवैध रूप से बांग्लादेश से आकर भिलाई में रह रही महिला पन्ना बीवी को गिरफ्तार किया गया है।छत्तीसगढ़ में अवैध घुसपैठियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु एसटीएफ गठन के उपरांत यह पहली कार्यवाही है। महिला के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 विदेशी नागरिक विषयक अधिनियम 1946 एवं भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1920 के तहत कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर, उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने एवं उन्हें वापस भेजे जाने की कार्यवाही हेतु दुर्ग जिला में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया गया है। एसटीएफ द्वारा लगातार भिलाई - दुर्ग में अवैध रूप रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हेतु कार्यवाही की जा रही है। अवैध घुसपैठियों की पहचान कार्यवाही के क्रम में 14 मई को जानकारी प्राप्त हुई कि सुपेला नेहरू रोड में सूरज साव के मकान में एक बांग्लादेश की महिला अपना मूल पहचान छुपाते हुए काकोली घोष उर्फ अंजली सिंह के फर्जी नाम से रह रही है। इस सूचना तस्दीकी एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु एसटीएफ को निर्देशित किया गया ।टीम के द्वारा सूरज साव के मकान में रह रही महिला से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अंजलि सिंह, पूर्वी दिल्ली, नांगलोई निवासी होना बताया एवं पहचान हेतु अंजलि सिंह के नाम से आधार कार्ड प्रस्तुत की। आधार कार्ड की जांच की गई तो प्रथम दृष्टया संदेहास्पद पाया गया। महिला से बारीकी से लगातार पूछताछ करने पर उसने अपना मूल नाम पन्ना बीवी पिता अब्दुल रॉफ उम्र लगभग 25 वर्ष मूल निवासी दीधीरपार, दौलतपुर फुलवारी गेट, पोस्ट बादामतला सिरामोनी जिला खुलना बांग्लादेश का होना बताया। जांच के दौरान पाया गया कि पन्ना बीवी लगभग 08 वर्ष पूर्व बिना वैध पासपोर्ट एवं वीजा के अवैध रूप से बांग्लादेश से बोंगांव पेट्रोपोल, जिला उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल स्थित भारत बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर से अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर कोलकाता आकर अपना नाम काकोली घोष बता कर सोनागाछी में लगभग 5 वर्ष अवैध रूप से रही, वहां से दिल्ली में लगभग 1 वर्ष रही।

न्यूज इन शॉर्ट

हाईकोर्ट में समर वेकेशन 9 जून को होगा समाप्त

रायपुर, । हाईकोर्ट सहित जिला न्यायालयों ने इस समय ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है। जिसके कारण विशेष अदालतों में ही सुनवाई हो रही है। हाईकोर्ट में 9 जून के बाद नई रोस्टर के बाद सुनवाई शुरू होगी।

छत्तीसगढ़ मुख्य सूचना आयुक्त के लिए साक्षात्कार 28 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मुख्य सूचन आयुक्त एवं आयुक्तों के रिक्त पद के लिए साक्षात्कार 28 को न्यू सर्किट हाऊस में होगा। सरकार द्वारा इस पद के लिए नई शर्त रखी गई है ।छत्तीसगढ़ राज्य में विभिन्न शासकीय कार्यालयों में शासकीय दस्तावेज तथा अधिकारियों के विरूद्ध सूचना के अधिकार के तहत सूचना मांगने के लिए प्रत्येक विभाग में नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। केन्द्र सरकार के निर्देश पर यदि यह समस्या जिलों में हल नहीं होती है, तो राज्य सरकार के समक्ष आवेदन दे सकते हैं। नई राजधानी में मुख्य सूचना आयुक्त एवं आयुक्त इसकी सूनवाई करते हैं। नए नियम के अनुसार मुख्य सूचना आयुक्त का पद का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। पूर्व सूचना आयुक्त एम. के राउत अवकाश ग्रहण कर चुके हैं। उनके स्थान पर नए आयुक्त की तलाश है। सरकार द्वारा इसके लिए एक सर्च कमेटी बनाई गई है।ाराज्य शासन से मिली जानकारी के अनुसार मनोज कुमार पिंगुआ की अध्यक्षता में यह कमेटी गठित की गई है। श्रीमती निहारिका बारीक, सोनमणि बोरा, अविनाश चंपावत शामिल हैं। मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए सीएस अभिताभ जैन, पूर्व सीएस आरपी मंडल ने दावेदारी की है। आयुक्त पद के लिए अमृत खालको, ब्रजेश मिश्रा, दीपा दास, प्रदीप शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, संजय अलंग, त्रिलोकचंद महावर शामिल है। इस पद के लिए अब सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने उठापटक एक कर दी है। नेताप्रतिपक्ष और मुख्यमंत्री की अनुशंसा पर ही मुख्य सूचना आयुक्त का चयन होगा।

बी.ई., डिप्लोमा इंजीनियरिंग, बी.फार्मा, एम.टेक जैसे विभिन्न कोर्स में ले सकेंगे प्रवेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ के विभिन्न इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक, आर्किटेक्चर एवं फामेर्सी संस्थानों में संचालित तकनीकी पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होने जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी बी.ई., डिप्लोमा इंजीनियरिंग, डिप्लोमा इन कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग, होटल मैनेजमेंट, आर्किटेक्चर, बी.फार्मा, डी.फार्मा, एम.टेक, एम.फार्मा, एम.बी.ए., एम.सी.ए. जैसे विभिन्न कोर्सों में सीधे एवं लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश ले सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया का विस्तृत विवरण ऑनलाइन काउंसिलिंग पोर्टल पद पर उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त प्रवेश नियम भी इसी पोर्टल पर देखे जा सकते हैं। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते आवश्यक दस्तावेज जैसे मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, सैनिक/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाण पत्र, पुनर्वास प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र आदि यथाशीघ्र बनवा लें। दस्तावेजों के अभाव में अभ्यर्थियों को दस्तावेज परीक्षण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से समय पर तैयारी करने और निर्धारित मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि उन्हें प्रवेश प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े।

छोटापारा नाके वाले बाबा का सालाना उर्स पाक कल से

रायपुर। हजरत सैय्यद चांद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह तीन मजार नलघर चौक छोटापारा नाके वाले बाबा का सालाना उर्स पाक हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही शानो शौकत से मनाया जाएगा। 16 से 18 मई तक तीन दिनों तक चलने वाले उर्स को लेकर उर्स कमिटी ने काफी तैयारियां की है ।

रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्ती के निर्देश

खनिज सचिव पी. दयानंद ने कलेक्टरों की बैठक लेकर दिए कड़े निर्देश

विजय मत,रायपुर।

प्रदेश में रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने तथा बरसात से पूर्व निर्माण एवं विकास कार्यों के सुचारु संचालन हेतु रेत की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खनिज साधन विभाग के सचिव श्री पी. दयानंद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख जिलों के कलेक्टरों एवं खनिज अधिकारियों की बैठक ली ।

बैठक में रेत से संबंधित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि रेत के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर खनिज संचालक रजत बंसल भी उपस्थित थे।

सचिव दयानंद ने कहा कि रेत के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स के माध्यम से निरंतर निगरानी एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि खनिज राजस्व की हानि रोकना शासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। सचिवदयानंद ने निर्देशित किया कि स्वीकृत रेत खदानों का संचालन पर्यावरणीय स्वीकृति में निर्धारित अनुमेय मात्रा के अनुरूप विधिसम्मत रूप से किया जाए तथा खनिज राजस्व की समय पर वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वीकृत खदानों से ही रेत का खनन एवं परिवहन हो तथा किसी भी अवैध स्त्रोत से आपूर्ति के मामले के कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि आगामी तीन माह में अधिकाधिक रेत खदानों को चिन्हांकित कर ई-नीलामी के माध्यम से आबंटन हेतु निविदा जारी की जाए। बड़ी मात्रा में रेत की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पाँच हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाली खदानों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए गए।पर्यावरणीय स्वीकृति के लंबित प्रकरणों की सतत समीक्षा करने एवं शीघ्र निराकरण की जिम्मेदारी कलेक्टर्स को सौंपी गई। इसके अतिरिक्त, 10 जून से 15 अक्टूबर तक लागू खनन निषेध अवधि को दृष्टिगत रखते हुए स्वीकृत भंडारण अनुज्ञप्तियों के माध्यम से रेत की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने हेतु अग्रिम योजना बनाने के निर्देश भी दिए गए।

प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक रेत की आपूर्ति केवल अधिकृत स्त्रोतों से सुनिश्चित की जाए, इस पर भी विशेष बल दिया गया।

सचिव दयानंद ने यह भी स्पष्ट किया कि खनिज अधिकारियों की गोपनीय चरित्रावली में रेत प्रबंधन से संबंधित निर्देशों के पालन को एक महत्वपूर्ण मूल्यांकन बिंदु के रूप में शामिल किया जाएगा।

बस्तर की बहुमूल्य खदानों को मित्रों को सौंप रही डबल इंजन की सरकार - दीपक बैज

रायपुर। बस्तर के संसाधनों पर भाजपा सरकार की बुरी नजर है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है। बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1ए और बैलाडीला 1बी की खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल के लिए लीज पर दे दिया। बैलाडीला 1सी खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दिया गया। कांकेर जिले के हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है। यह शुरूआत है इसके बाद बस्तर के सभी बहुमूल्य खनिज संपदा को अडानी को सौंपने की तैयारी की जा रही है। अडानी के लिए बस्तर में रेड कारपेट बिछाया जा रहा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार बस्तर में खनन आधारित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थापित करने के बजाय, बहुमूल्य खनिज संसाधन औने-पौने दाम पर पूंजीपतियों को लुटा रही है।

शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पहले आश्रम-छात्रावास की व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश

प्रमुख सचिव बोरा ने कलेक्टरों, परियोजना-प्रशासकों और सहायक आयुक्तों को लिखा पत्र

विजय मत,रायपुर।

आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा ने राज्य के सभी जिला कलेक्टरों, परियोजना-प्रशासक (एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना) और समस्त सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को पत्र लिखकर आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ होने से पहले आश्रम-छात्रावास में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं ।प्रमुख सचिव बोरा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि आदिम जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम-छात्रावास महत्वपूर्ण संस्थान है, जहां विद्यार्थी अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करते है। इन आश्रम-छात्रावासों में प्रवेशित

विद्यार्थियों के सवार्गीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित है। आश्रम-छात्रावास में आदिम जाति, अनुसूचित जाति अन्य पिछड़ा व कमजोर वर्ग के विद्यार्थी आश्रम-छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण करते है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में और विभागीय मंत्री श्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में इन वर्गो के समुचित विकास के लिए सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है ।पत्र में कहा गया है कि विभाग द्वारा आश्रम-छात्रावासों में प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि एवं माप दण्ड के अनुरूप नए विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाए। कन्या छात्रावासों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। पत्र में कहा गया है कि आश्रम-छात्रावासों से यह संज्ञान में आया है कि छात्रावासी विद्यार्थियों में खाज, खुजली व अन्य चर्म रोग की शिकायत पायी जाती है।\जिसका एक बड़ कारण कपड़ों, चादरों का स्वच्छ नहीं होना है। इन रोगों की रोकथाम के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्रियों जैसे गद्दा, चादर, पलंग आदि का नियमित साफ सफाई किया जाए, नेफथालिन की गोली आदि डालकर रखा जाए।

कलेक्टर ने खाद एवं बीज उठाव को लेकर अधिकारियों की ली बैठक

खाद बीज को लेकर किसानों ना हो कोई दिक्कत, समय पर पर्याप्त भंडारण हो: कलेक्टर डॉ सिंह

विजय मत,रायपुर।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने जिले में खाद बीज के उठाव को लेकर संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन का लक्ष्य तय करें और खाद और बीज का उठाव लक्ष्य कर सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को किसानों को उनकी मांग के अनुरूप खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कृषि तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो। उन्होंने कहा कि किसानों से आग्रह किया जाए की अभी से खाद और बीज का उठाव किया जाए।उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के नियमों को आसान कर अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ दिलाने के भी निर्देश समिति के कर्मचारियों को दिये।कृषि विभाग के मैदानी अमला और अधिकारी को निरंतर अपने-अपने क्षेत्र का दौरा करने के साथ किसानों सें संपर्क रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खाद-बीज के भंडारण व उठाव पर निगरानी रखें। इस बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, उप संचालक कृषि के.के कश्यप, सहकारी बैंक की सीईओ श्रीमती अपेक्षा व्यास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

घने वनों में उजाले की खुशी ,17 वनग्रामों में पहुंची बिजली

विजय मत,रायपुर।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित घने वनों के बीच बसे मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के 17 वनग्रामों में पहली बार बिजली पहुंची है। यह केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि एक बड़ी उपलब्धि है, जिसने इन ग्रामों के निवासियों के जीवन में आशा और उजाले का संचार किया है ।मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत 3 करोड़ रुपये की लागत से कातुलझोरा, कट्टापार, बोदरा, बुकमरका, संबलपुर, गट्टेगहन, पुगदा, आमाकोड़ो, पीटेमेटा, टाटेकसा, कुंदलकाल, रायमनहोरा, नैनगुड़ा, मेटातोडके, कोहकाटोला, एडसमेटा एवं कुंजकन्हार जैसे अत्यंत दुर्गम गांवों में बिजली पहुंचाने का सपना साकार हुआ। इन इलाकों तक पहुंचना बेहद चुनौतीपूर्ण था। दुर्गम पहाड़ियों, सघन वनों और नक्सल खतरे के बीच कार्य को अंजाम देना किसी मिशन से कम नहीं था ।जब गांवों में पहली बार ट्रांसफार्मर से बिजली की रौशनी फूटी, तब ग्रामीणों की आंखों में खुशी थी। कुछ गांवों में बच्चों ने नृत्य किया, तो कहीं बूढ़े-बुजुर्गों ने पटाखे फोड़कर अपनी खुशी जाहिर की। यह वह पल था, जिसका उन्होंने दशकों से इंतजार किया था। इन वनग्रामों के 540 परिवार अब तक सौर ऊर्जा और लालटेन पर निर्भर थे। कई गांवों में सौर प्लेट या तो चोरी हो गए थे या खराब हो चुके थे, जिससे लोगों की रातें सिर्फ काली और भयावह थी। अब 275 परिवारों को बिजली कनेक्शन मिल चुका है और बाकी बचे परिवारों के घरों में बिजली कनेक्शन लगाया जा रहा है ।कार्यपालक निदेशक द्वारा ग्राम टाटेकसा में स्थापित 25 केवीए ट्रांसफार्मर को चार्ज कर चालू किया गया। इस कार्य में 45 किमी लंबी 11 केवी लाइन, 87 निम्नदाब पोल और 17 ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। कार्यपालक निदेशक श्री सेलट ने बताया कि इन दुर्गम गांवों तक 11 केवी लाइन बिछाने के लिए वन विभाग से एनओसी प्राप्त करने से लेकर उपकरणों की ढुलाई का काम चुनौतीपूर्ण था। मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के संकल्प और समर्पित तकनीकी टीम के प्रयासों से यह कार्य संभव हो पाया।

सुशासन तिहार: रांधना में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन

विजय मत,रायपुर।

सुशासन तिहार में प्रभारी मंत्री तथा वाणिज्य एवं उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन आज कोण्डागांव जिले के माकड़ी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रांधना में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। शिविर में उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉल में अधिकारियों से सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन के निराकरण की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से आवेदनों पर त्वरित एवं पारदर्शी ढंग से निदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी भी उपस्थित रहीं।

श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सुशासन के 15 माह पूरे हो रहे हैं। सुशासन तिहार के तहत गांव गांव में ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल से शासन गांव-गांव में पहुंच रही है और ग्रामीणों की समस्याओं से सीधे संवाद किया जा रहा

हैं। कई मांगों का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है वहीं कुछ मांगों का निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जेठ माह की भरी दोपहरी में में गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का फीडबैक ले रहे हैं और समस्याओं का निराकरण भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास के साथ साथ गौरव भी बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के विकास को गति मिली है और समाजके हर वर्ग का कल्याण हो रहा है ।कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से गांवों में शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार के गत 15 माह में विकास की गति और शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आई है। पूर्व विधायक श्री सेवकराम नेताम ने कहा कि सुशासन तिहार से ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। शिविर में प्रभारी मंत्री, विधायक एवं अन्य अतिथियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत ग्रामीणों को हितग्राहीमूलक सामग्री वितरित किए। शिविर में उद्यानिकी विभाग द्वारा 19 हितग्राहियों को सब्जी बीज और जैविक खाद, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को मछली जाल, खाद्य विभाग द्वारा 55 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 05 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र, 44 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 01 दिव्यांगजन को व्हीलचेयर, श्रम विभाग द्वारा 24 को श्रम पंजीयन सहित कई अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिला।

खास-खबर कलेक्टर कक्ष के समक्ष पेंशनरों का एकत्रीकरण के बाद 5 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन

5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया

विजय मत,रायपुर।

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश 5 सूत्रीय मांगों को लेकर आज 15 मई को सभी जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और मुख्यसचिव के नाम ज्ञापन दिया गया। उक्त जानकारी जारी विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने दी है।

जारी विज्ञप्ति में 5 सूत्रीय मांगो के बारे में बताया गया है कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को विलोपित करने, विधानसभा में शासकीय संकल्प पारित कर छत्तीसगढ़ सरकार का 2000 करोड़ से अधिक राशि का सालाना आर्थिक नुकसान को रोकने,केन्द्र के देय तिथि और दर पर मोदी की गारंटी के तहत पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को एरियर सहित डीआर देने का निर्णय कैबिनेट से पारित करने,भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के मांग पर पेंशन एवं भविष्य निधि संचालनालय के स्थापना के बाद अब संयुक्त संचालक पेंशन और जिला पेंशन कार्यालय की तत्काल स्थापना करने,कैशलेश मेडिकल सुविधा का लाभ सभी सरकारी अस्पतालों के साथ सरकारी कर्मचारियों की भांति राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सभी निजी अस्पतालों में भी सुविधा देने के आदेश जारी करने औरसेवानिवृत नियमित दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का संपूर्ण सेवाकाल को पेंशन अवधि के लिए गणना में लिए जाने एवं उन्हें भी अन्य सेवानिवृत कर्मचारियों की भांति सभी आर्थिक लाभ दिए जाने की मांग शासन से की गई है।

जारी विज्ञप्ति अनुसार भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के आव्हान पर विभिन्न जिलों में संभागीय अध्यक्ष,जिला अध्यक्ष जिला सचिव तथा जिला संयोजक क्रमशः बी के वर्मा दुर्ग,आर एन टाटी जगदलपुर, आर जी बोहरे रायपुर,खोड़सराम कश्यप बलौदाबाजार,लखनलाल साहू गरियाबंद, रिखीराम साहू महासमुंद,आई सी श्रीवास्तव राजनांदगांव,राकेश जैन बिलासपुर,परमेश्वर स्वर्णकार जांजगीर,रमेश नंदे जशपुर,अभय शंकर गौराहा रायगढ़,देवनारायण साहू सारंगढ़,एम एल यादव कोरबा शिवसिंह भदौरिया कांकेर,आर डी झाड़ी बीजापुर ,एस के देहारी नारायणपुर,एस के धातोड़े कोंडागांव,पी एन उड़कुड़े दंतेवाड़ा,कासिमुद्दीन सुकमा , प्रेमचंद गुप्ता कोरिया,माणिक चंद्र अंबिकापुर,महावीर राम बैकुंठपुर,संतोष ठाकुर सूरजपुर, आर ए शर्मा गौरेला पेंड्रा, भैया लाल परिहार मुंगेली , यवन कुमार डिंडोरे बेमेतरा , डी के पाठक धमतरी, पुरषोत्तम उपाध्याय सक्ती ,गोपाल यादव मोहला, सतीश उपाध्याय मनेंद्रगढ़ आदि के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री और मुख्यसचिव के नाम पेंशनर्स हितैषी 5 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन दिया है।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

विजय मत,रायपुर।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु जनसंचार विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

जनसंचार के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मोहंती ने बताया है कि मीडिया एवं जनसंचार के क्षेत्र में कैरियर की अपार संभावना है जिसके लिए विभाग द्वारा 12वी पास विद्यार्थियों के लिए बैचलर ऑफ आर्ट्स इन मास कम्युनिकेशन में स्नातक कोर्स और स्नातक विद्यार्थियों के लिए मास्टर ऑफ आर्ट्स इन मास कम्युनिकेशन में स्नातकोत्तर स्तर पाठ्यक्रम संचालित है ।इन दोनों पाठ्यक्रमों में अध्ययन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता मानदंड, आवेदन की अंतिम तिथि एवं अन्य दिशा-निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे समय पर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें। विद्यार्थी मार्गदर्शन हेतु विभाग से भी संपर्क कर सकते है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

शांति और धैर्य से देश हमेशा आगे बढ़ेगा

ऑपरेशन सिंदूर मे भारत के प्रधानमंत्री जी का संदेश सुना और बताया कि आतंकवादी व पिओके पर ही पाकिस्तान पर बात होगी और भारतीय सेनानी को इसका श्रेय जाता है बहुत ही अच्छा संदेश राष्ट्र के नाम और कल होकर सैनिकों से मिलना भी भारत के शानदार सफलता का प्रतिक है इसमें भारत के वैज्ञानिकों का भी कहीं ना कहीं उनकी टेक्नोलॉजी के ऊपर भी गर्व है जिसमें इसरो डीआरडीओ,डीएई आदि जैसे श्रेष्ठ वैज्ञानिक संस्थान भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है भारत ने जो ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान में फैले आतंकवादी के लिए किया और भारतीय सेनाओं की मेहनत और लोगो की एकजुटता थी इस सन्दर्भ में एल ओसी पर 50निर्दोष लोग भी मारे गए है पाकिस्तान को चाहिए था ऑपरेशन सिंदूर के बाद शांति से बैठना चाहिए क्योंकि ऐ आतंकवादी पर अटैक था पाकिस्तान पर नहीं लेकिन जबाबी कार्यवाही में उसे नुकसान उठाना पड़ा है लेकिन यह खबर सही नहीं है कि उनके परमाणु सयंत्र पर क़ोई अटैक हुआ हो ऐ सब न्यूज़ में बेकार की खबरें हैं इसलिए इस मुद्दे पर कुछ भी कहना सही नहीं है क्योंकि जब भी दो देश परमाणु संपन्न रहते हैं तो वो एक से दूसरे देश पर प्रतिस्थानो की सूची देते हैं और एक एग्रीमेंट होता है कि एक देश दूसरे देश पर परमाणु सयन्त्र पर हमला नहीं करेंगे सोशल मीडिया को इस खबर से बचना चाहिए इसको रोकना चाहिए मीडिया को अब शांति से काम लेना चाहिए क्योंकि जो भी परमाणु सयंत्र होता है वो ऐसा बनाया जाता है कि उसमें भूकंप होने पर भी क़ोई असर ना हो और जहाँ तक रेडियोएक्टिव रिसाव की बात है वो तो हवा में जायेगा अतः ऐ बाद में आस पास के कहीं भी जगह फैल सकता है इसपर आई ए ई ए की कड़ी निगरानी रहती है और जहाँ परमाणु प्लांट रहता है वहाँ अलार्म सिस्टम भी होता है जो हो गया सो हो गया एक दूसरे पर वार और हार पर शांत रहना चाहिए सेना पर विश्वास रखना चाहिए धर्म के नाम पर बहुत से देश इसका समर्थन कर दे देते हैं हमारे सभी धर्मों के लोग भारत के समर्थन में रहें और देश की एकता से ही सबों में भय दूर होगा और एक ही धर्म है।

नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

आतंकवादियों की फैक्ट्री चलाने वाले पाकिस्तान को भारत ने दिया जवाब, तीसरे देश की मध्यस्तता को नकारा

डॉ. राघवेंद्र शर्मा

> इस कार्रवाई में 100 से अधिक ऐसे आतंकवादी मारे गए, जो भारत सहित दुनिया की अनेक आतंकवादी घटनाओं में शामिल थे या फिर अनगिनतआतंकवादी घटनाओं के रणनीतिकार रहे। भारत की जवाबी कार्रवाई में अनेक ऐसे लोग भी मारे गए जो पाकिस्तान सरकार और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर वहां आतंकवाद की फैक्ट्री चला रहे थे। उपरोक्त स्थानों पर आतंकवादियों को प्रशिक्षित कर उन्हें दुनिया भर में शांति भंग करने के लिए निर्यात कर रहे थे।

ऑपरेशन सिंदूर ने और उसे अंजाम देने वाली भारतीय सेना ने देश के प्रत्येक नागरिक का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। वहीं यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस कार्रवाई को एक ऐसे मुकाम तक पहुंचा दिया है, जिसके परिणाम स्वरूप भविष्य में पाकिस्तान और वहां बैठे आतंकी भारत पर हमला करना तो दूर उसकी ओर आंख उठा कर देखने का दुस्साहस भी ना कर सकेंगे। प्रधानमंत्री की मंशा अनुरूप हमारी सेना के जांबाज सिपाहियों ने भी पाकिस्तान की नापाक हरकतों का मुंह तोड़ जवाब दे कर यह जता दिया कि पहले हम किसी को छेड़ते नहीं, और यदि कोई हमें छेड़े तो फिर उसे हम छोड़ते नहीं। हालांकि भारत सरकार ने शत्रु देश का काफी नुकसान करने के बावजूद अपनी सैन्य कार्रवाई को औपचारिक रूप से युद्ध का नाम नहीं दिया। किंतु जिस प्रकार से हमारी सीमाओं के आसपास पड़ोसी देश के ड्रोन देखे गए, मिसाइलें गिराने की असफल कोशिशें हुईं। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सैन्य संसाधनों को हवा में ही नष्ट किया और शत्रु देश के अनेक एयरबेस उड़ाने में सफल रही। पाकिस्तान में संचालित आर्तकियों के अनेक प्रशिक्षण केंद्रों को ध्वस्त किया गया। भारतीय सेना की आक्रमकता को देखते हुए तत् समय ही यह स्पष्ट हो गया था कि परिस्थितियां औपचारिक युद्ध के मार्ग पर कदम आगे बढ़ा चुकी थीं। इसी से भयाक्रांत होकर पाकिस्तानी हुक्मरान अमेरिकी दरबार में ढोक लगाने को मजबूर हुए। यही वजह रही कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच स्वस्फूर्त मध्यस्थता करने के लिए प्रयासरत दिखाई दिए। हालांकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और तीनों सेनाओं के भारतीय प्रमुखों ने प्रेस वार्ताओं के माध्यम से तत्काल यह स्पष्ट कर दिया कि यह विशुद्ध दो देशों के बीच का मामला है, इसमें भारत को किसी तीसरे देश की मध्यस्थता कतई स्वीकार नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी भली भांति जानते हैं कि भारत पाकिस्तान की अकल ठिकाने लगाने के मूड में है और वह इस मामले में किसी भी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। यही वजह रही की ट्रंप केवल दावा करते दिखाई दिए कि भारत पाकिस्तान सीज फायर के लिए तैयार हो गए हैं। यह बात भी अब स्पष्ट हो चुकी है कि पाकिस्तान के शीर्ष सेना अधिकारी और वहां के हुक्मरान भारत से सीज फायर की गुहार लगा चुके हैं । इसे भारत का बड़प्पन ही कहा जाएगा कि उसने पाकिस्तान की गिड़गिड़ाहट को नजरअंदाज नहीं किया। फल स्वरुप कुछ देर के लिए दुनिया ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीज फायर की स्थिति भी देखी। लेकिन हमारी सरकार और सेना ने इस बीच एहतियाती इंतजाम ढीले नहीं किये और पाकिस्तान की ओर से होने वाली हरकतों पर नजर बनाए रखी। जैसी कि पुख्ता धारणा है, पाकिस्तान अस्तित्व में आने के बाद से ही भरोसेमंद देश नहीं रहा है। इस बार भी उसने गैर भरोसेमंद काम ही किया। एक ओर वह अमेरिका को माध्यम बनाकर भारत सरकार की बारगाह में सैन्य कार्यवाही रोकने की गुहार लगाता रहा, तो दूसरी ओर उसने भारतीय सीमा के भीतर एक बार फिर सशस्त्र ड्रोन भेजने की हिमाकत कर डाली। अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि शांति की गुहार लगाकर भारतीय सीमाओं में ड्रोन भेजने की स्थिति पाकिस्तानी सेना और वहां की चुनी हुई सरकार के बीच उठा पटक मचने के चलते बनी होगी। क्योंकि पाकिस्तान का इतिहास रहा है, वहां के हुक्मरान आवाम की चिंता किए बगैर खुद की सलामती सुनिश्चित करने और अपना राजनीतिक उल्लू साधने में संलग्न बने रहते हैं। जबकि पाकिस्तान की सेना हमेशा इस ताक में बनी रहती है कि कब सरकार गलती करे और कब उसका तख्ता पलट कर पाकिस्तान में सैन्य शासन स्थापित किया जाए। खैर, यह उनका अंदरूनी मामला है। हमारा काम तो केवल इतना सा है कि हमारी सेना ने उन सभी ड्रोन को या तो हवा में ही नष्ट कर दिया या फिर उन्हें निष्क्रिय करके वापस पाकिस्तान की ओर भागने को मजबूर किया। यानि एक बार फिर सिद्ध हुआ कि पाकिस्तान कहता कुछ और है, करना कुछ और चाहता है। इससे भी ज्यादा हास्यास्पद बात यह है कि उसकी अपेक्षाओं से विपरीत जाकर हो कुछ और ही जाता है। जहां तक भारत से मुकाबले की बात है तो इस मामले में पाकिस्तान ने हमेशा मुंह की ही खाई है। यदि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहे नए भारत की बात की जाए तो इसी कालखंड में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान की अकल ठिकाने लगाई जा चुकी है। अब जब एक बार फिर पाकिस्तान ने अपनी नापाक हरकतों से जम्मू कश्मीर की भूमि को रक्त रंजित किया, तो भारत का कोप उस पर कुछ ज्यादा ही भारी पड़ गया। पाकिस्तान में स्थित आतंकवाद के अड्डों और वहां सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण जगहों पर भारतीय सेना ने एक प्रकार से आफत ही बरसा दी । यानि परिस्थितियां कुछ ऐसी निर्मित हुईं कि प्रत्येक भारतीय नागरिक पाकिस्तान को ठिकाने लगाने के मूड में आ गया। यह बात अपनी जगह सही भी है कि जब दो देश युद्ध लड़ते हैं, तब लड़ाई केवल दो सेनाओं के बीच नहीं होती। और फिर भारत जैसे जिम्मेदार देश को तो एक साथ अनेक मोर्चों पर युद्ध लड़ना होता है। उसे अपनी सैन्य कार्रवाई एकदम सटीक निशाने पर करनी होती है, जिसका अपेक्षित परिणाम शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करता हो। इसी के साथ उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वही प्रामाणिकता प्रदर्शित करनी होती है, जैसा वह चाहता है अथवा जैसा उसने सोच रखा होता है। इसी के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुश्मन की नापाक हरकतों को ठीक तरह से एक्सपोज किया जा सके, यह प्रयास भी बड़े पैमाने पर करने होते हैं। दुश्मन आर्थिक और सैन्य सहायता प्राप्त करने के मामले में वैश्विक स्तर पर अलग-थलग किया जा सके, ऐसी रणनीति बनाकर सावधानी पूर्वक उसे अंजाम देना होता है। जब शत्रु देश से दो दो हाथ हो रहे हों तब केवल सेना और सरकार ही युद्ध लड़ रहे होते हैं, यह पूरा सच नहीं है। पूर्ण सत्यता यह है कि उपरोक्त देश के नागरिकों को भी अपने स्तर पर युद्ध के लिए सन्निध होना पड़ता है। आसमान से मिसाइलों और सैन्य गतिविधियों की गड़गड़ाहट भले ही शांत पड़ गई हो, फिर भी प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वयं को इन परिस्थितियों से जोड़कर बनाए रखे।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

अच्छी संगत व माहौल हमारी काबिलियत का लोहा मनवाने में मील का पत्थर साबित होगा

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

हजारों वर्ष पुरानी भारतीय संस्कृति के बारे में कहा जाता है कि सृष्टि में मानवीय योनि की पहचान यहीं से हुई है, जो बंदरों से विकसित होते हुए मानवीय योनि तक विकसित हुई और बौद्धिक क्षमता का विकास होते गया, जिसकी भव्यता हम वर्तमान स्तर में देख रहे हैं कि मानवीय योनि ने दुनियाँ को कहां से कहां और कैसी डिजिटल स्थिति में पहुंचा दिया कि,साक्षात मानवीय आकृति रोबोट बना दिया जो पूरी तरह से मानवीय कार्य करने में सक्षम है, जो मानवीय बौद्धिक क्षमता का प्रमाण है। परंतु अगर हम इस तकनीकी प्रौद्योगिकी मेड मानव से हटकर सृष्टि रचयिता मानव में तकनीकी स्तरपर गुणों, व्यक्तित्व का विकास करने पर ध्यान दें तो हर मानवीय जीव अपने अपने स्तरपर एक अनोखा इतिहास रच सकते हैं, जिसके सहयोग से हम विश्व को कहां से कहां ले जा सकते हैं। चूंकि हम यहां मानवीय गुणों के विकास की बात कर रहे हैं तो सबसे महत्वपूर्ण गुण मानवीय व्यक्तित्व व उसकी संगत है क्योंकि मनुष्य जिसकी संगत में रहता है उसी के ही नक्शे कदम पर चलता है, किस हालत में कहां पैदा हुआ है उससे फर्क नहीं पड़ता,परंतु किस संगति में रह रहे हैं किन लोगों के साथ उठना बैठना बातचीत है, कैसे लोगों के माहौल में रह रहे हैं, यह हमारी सोच और सोचनें की प्रवृत्ति बनाते हैं,जो हमारी जिंदगी बनाने में महत्वपूर्ण रोल अदा करती है, इसलिए हमें गलत माहौल से निकाल कर अच्छे माहौल में रहने के सुझाव को रेखांकित करना होगा जो हर मानव अपने आप में पहचानकर उसमें अपने आप को ढाले तो वह स्वयं इतिहास रच सकता है। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अच्छी संगत व माहौल हमारी काबिलियत का लोहा मनवाने में मील का पत्थर सटीक साबित होगा। साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति में पले मानवीय जीव की करें तो मेरा मानना है कि सदियों से हर मानवीय जीव की अभिलाषा रहती है कि मेरे बच्चे इतनी ऊंची सकारात्मक तरक्की करें कि मैं अपने बच्चों के नाम से पहचाना जाऊं कि यह फ़लाने के पिता हैं! बिल्कुल सही बात! बस! इसके लिए हर व्यक्ति को चाहे वह मेल हो या फीमेल उसके संबंध में माता-पिता शिक्षक समाज सबका एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि अपने बच्चों के व्यक्तित्व को निखारें उसके सही संगत में रहने का ध्यान रखेंक्योंकि हर बालक अनगढ़ पत्थर की तरह है जिसमें सुन्दर मूर्ति छिपी है, जिसे शिल्पी की आँख देख पाती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

डिजिटल पर्दे पर कामुकता की तिजारत

सोनम लववंशी

> वास्तव में यह शो एक सतही प्रवृत्ति की उपज है, जहाँ न सामाजिक उत्तरदायित्व है, न रचनात्मक विवेक। नारी-पुरुष संबंधों की मर्यादा को जिस चंचलता और अश्लील चेष्टाओं के सहारे टास्क बनाया गया है, वह दर्शाता है कि अब वयस्क कंटेंट और विवेकहीन कंटेंट में कोई अंतर नहीं रहा। यह केवल शो नहीं, चेतना पर आघात है एक ऐसी पीढ़ी के नाम जो यह देख रही है, सीख रही है, और आगे यही बनना चाह रही है। ऐसी सामग्री का मनोवैज्ञानिक असर गहरा और दीर्घकालिक होता है। किशोरावस्था में जब पहचान और सोच का निर्माण हो रहा होता है, तब इस तरह के दृश्य मस्तिष्क में यौनिकता की विकृत छवियाँ अंकित कर देते हैं।

संस्कृति, चेतना और सामाजिक अनुशासन की तमाम परंपराएं उस समय ठिठककर खड़ी रह जाती हैं, जब किसी समाज में नंगई को 'स्वतंत्रता', अश्लीलता को 'प्रयोग', और उत्तेजना को 'रचनात्मकता' कहकर स्वीकार कर लिया जाता है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के उल्लू एप पर प्रसारित हो रहा एक शो 'हाउस अरेस्ट' इसी अंधेरे की ओर हमारा ध्यान खींचता है, जहाँ मनोरंजन के नाम पर मूल्यों की अर्थी सजाई जा रही है। 20 अप्रैल, 2025 से प्रसारित यह शो, जिसे होस्ट कर रहे हैं पूर्व बिग बॉस प्रतिभागी एजाज़ खान केवल एक रियलिटी शो नहीं, बल्कि समाज के उस गिरते हुए मानसिक धरातल की गवाही है, जहाँ टास्क के नाम पर प्रतियोगियों से अंतरंग मुद्राओं का अभ्यास करवाया जा रहा है। कैमरे के सामने, कपड़े पहनकर गरिमा को तार - तार किया जा रहा है। शो की एक क्लिप में जब एक महिला प्रतिभागी मासूमियत से अपनी जानकारी 'डॉग पोजीशन' या 'अप-डाउन' जैसे शब्दों में व्यक्त करती है, और दर्शकों की वाहवाही पाती है, तब प्रश्न यह उठता है कि क्या अब शालीनता बासी विषय हो चुका है? वास्तव में यह शो एक सतही प्रवृत्ति की उपज है, जहाँ न सामाजिक उत्तरदायित्व है, न रचनात्मक विवेक। नारी-पुरुष संबंधों की मर्यादा को जिस चंचलता और अश्लील चेष्टाओं के सहारे टास्क बनाया गया है, वह दर्शाता है कि अब वयस्क कंटेंट और विवेकहीन कंटेंट में कोई अंतर नहीं रहा। यह केवल शो नहीं, चेतना पर आघात है एक ऐसी पीढ़ी के नाम जो यह देख रही है, सीख रही है, और आगे यही बनना चाह रही है। ऐसी सामग्री का मनोवैज्ञानिक असर गहरा और दीर्घकालिक होता है। किशोरावस्था में जब पहचान और सोच का निर्माण हो रहा होता है, तब इस तरह के दृश्य मस्तिष्क में यौनिकता की विकृत छवियाँ अंकित कर देते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में नाबालिगों द्वारा किए गए यौन अपराधों में पिछले 5 वर्षों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। क्या यह महज संयोग है कि उसी दौर में इंटरनेट और ओटीटी पर इस तरह की सामग्री की बाढ़ आई? भारत में 2023 के आंकड़ों के अनुसार, 43 प्रतिशत ओटीटी दर्शक वयस्क सामग्री को प्राथमिकता देते हैं। यही तथ्य प्लेटफॉर्म्स की रणनीति बन चुका है जहाँ भावनात्मक संबंध नहीं, केवल शरीर की 'संभावनाओं' को भुनाया जाता है और यही वह खतरनाक मोड़ है, जहाँ एक समाज अपने नैतिक संतुलन को खो देता है।

'हाउस अरेस्ट' जैसे कार्यक्रम केवल क्षणिक उत्तेजना का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे सामाजिक आदर्शों को दीमक की तरह खोखला कर रहे हैं। नारी को केवल दृश्य माध्यम का उपकरण बना देना, उसके अस्तित्व को 'कंटेंट' में सीमित कर देना, वह भी स्वयं की स्वीकृति के साथ ये वह चुप्पी है जो आने वाले समय में सामाजिक विस्फोट का कारण बन सकती है। विडंबना यह है कि इसे 'बोल्डनेस', 'ओपन माइंडेडनेस' और 'फ्रैंकनेस' जैसे शब्दों की चमकदार चादर में लपेट दिया गया है और अगर कोई प्रश्न करे, तो वह 'पिछड़ा', 'रूढ़िवादी' या 'मॉरल पुलिस' करार दिया जाता है। लेकिन क्या सभ्यता इतनी उन्नत हो चुकी है कि अब विवेक पर प्रश्नचिह्न लगाना अपराध हो गया है? 'हाउस अरेस्ट' केवल एक मंच नहीं, यह एक समाजशास्त्रीय चेतावनी है जो एक संकेत है कि हम किस दिशा में बढ़ रहे हैं। आने वाली पीढ़ी अगर इन दृश्यों में 'टास्क' देखती है और सम्मान, संबंध, मर्यादा जैसे शब्द उसे बेमानी लगने लगते हैं, तो फिर यह नासमझी नहीं, हमारी चूक है। यहाँ सवाल केवल किसी एक शो का नहीं है, बल्कि उस सोच का है जो इसे जन्म देती है, बढ़ावा देती है और उसे सामान्य मानने लगती है। जब सरकारें केवल 'आत्म-नियमन' की बात करती हैं और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स व्यावसायिक लाभ के लिए किसी भी सीमा को लांघते हैं, तब मूल्यों का अपमान भी एक व्यापारिक रणनीति बन जाता है।

हाउस अरेस्ट जैसे कार्यक्रम यह बताते हैं कि मनोरंजन के नाम पर समाज किस गहराई तक गिर सकता है। यह केवल एक शो नहीं है, यह उस सोच का प्रतिनिधि है, जो स्त्री को उत्पाद, पुरुष को उपभोक्ता, और संस्कृति को वस्त्रहीन कल्पना मानती है। हमें अब यह तय करना होगा कि हम अपने बच्चों को कैसी दुनिया सौंपना चाहते हैं। आज आवश्यकता है एक गहरी, समवेत चर्चा की जो केवल सेंसरशिप की नहीं, बल्कि सामाजिक जवाबदेही की बात करे। 'स्वतंत्रता' का अर्थ अगर विवेकहीनता है, तो फिर वह स्वतंत्रता नहीं, सामाजिक अराजकता है। हमें तय करना होगा कि क्या हम उस दिशा में जा रहे हैं, जहाँ मनोरंजन का मतलब केवल उत्तेजना रह जाएगा? यदि हम अब भी नहीं चेतें, तो आने वाले समय में हमें अपनी ही पीढ़ी के सामने यह उत्तर देना होगा कि हमने उन्हें सोचने, समझने और सृजन करने की जगह केवल देखने, भोगने और ताली बजाने की आदत क्यों डाली?

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

शब्द पहेली - 8368



बाएँ से दाएँ

1. तरंग,हिलोर-3
3. झगड़ा,द्वेष,कहासुनी-3
5. पार्थिव देह-2
6. जरा,थोड़ा-2
8. रहस्य जानने वाला-4
10. दरवेश, औलिया,पीर-3
12. बहुतांश-3
13. राजनीतिक पार्टी-2
14. हिरासत-2
15. साजन,प्रेमी-3
17. देवर्षि-3
19. भगवान,रब,करतार -4
21. श्रवणेंद्रिय-2
23. प्राण,जीवन तत्व-2
24. द्रव पदार्थ-3
25. डोली उठाने वाले-4

ऊपर से नीचे

1. भगवान राम का एक पुत्र-2
2. दया,करुणा-3
3. शर्ट,बुशर्ट-3
4. अधिकार-2
5. भद्र,कुलीन-3
7. बड़ा भवन,कोठी-3
8. हमेशा,हर पल-4
9. यात्री,पथिक,राहगीर-2
12. कुख्यात-2,2
15. तमीज,तहजीब-3
16. रात्रि,रजनी-2
18. शोषण करना,दबाना-3
19. आसान,सीधा-3
20. नाव चलाने वाला-3
22. झुका हुआ-2
23. मर्तबान,रुस का राजा-2

शब्द पहेली -8367 का हल

म	न		श	री	र		ज	ला
त		ह	र	म		न	हा	ना
	आ	रा	म		रा	ज	न	
क	स	म		ल	ह	र		त
र	न		ग	ल	त		भ	ला
म		स	ब	क		का	र	क
	आ	ब	रु		ह	र	ना	
म	ह	ल		का	र	ण		त
न	ट		क	ल	म		शा	न

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

दैनिक पंचांग

16 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	वृष में	वृष	05.14 बजे से
चंद्र	धनु में	मिथुन	07.16 बजे से
मंगल	कर्क में	कर्क	09.30 बजे से
बुध	मेष में	सिंह	11.46 बजे से
गुरु	मिथुन में	कन्या	13.58 बजे से
शुक्र	मीन में	तुला	16.08 बजे से
शनि	मीन में	वृश्चिक	18.23 ब.से
राहु	मीन में	धनु	20.39 बजे से
केतु	कन्या में	मकर	22.44 बजे से
		कुंभ	00.31 बजे से
राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक		मीन	02.03 बजे से
		मेष	03.34 बजे से

शुक्रवार 2025 वर्ष का 136 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 05.14 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** मूल 16.08 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 07.14 बजे को समाप्त। **करण** बव 16.42 बजे तदनन्तर बालव 05.14 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 07' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872346 **जूलियन दिन** 2460811.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 17 **विशेष** संकष्टी चतुर्थी।

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
चर	05.55 से 07.23 बजे तक	रोग	05.38 से 07.1 बजे तक
लाभ	07.23 से 08.51 बजे तक	काल	07.11 से 08.43 बजे तक
अमृत	08.51 से 10.19 बजे तक	लाभ	08.43 से 10.15 बजे तक
काल	10.19 से 11.47 बजे तक	उद्वेग	10.15 से 11.47 बजे तक
शुभ	11.47 से 01.15 बजे तक	शुभ	11.47 से 01.19 बजे तक
रोग	01.15 से 02.43 बजे तक	अमृत	01.19 से 02.51 बजे तक
उद्वेग	02.43 से 04.10 बजे तक	चर	02.51 से 04.23 बजे तक
चर	04.10 से 05.38 बजे तक	रोग	04.23 से 05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

न्यूज इन शॉर्ट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमर शहीद स्व.सुखदेव की जयंती पर किया नमन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले महान क्रांतिकारी अमर शहीद स्व. सुखदेव की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि अमर शहीद स्व. सुखदेव का जीवन राष्ट्रसेवा, मातृभूमि के प्रति प्रेम एवं संघर्ष का स्वर्णिम अध्याय है जिसके बिना देश की स्वतंत्रता का इतिहास सदैव अधूरा रहेगा। उन्होंने अमर शहीद के चरणों में प्रणाम करते हुए कहा कि स्व. सुखदेव जैसे अमर वीरों के त्याग और बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। उनका साहस, राष्ट्रभक्ति और युवाओं को जगाने का प्रयास सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उल्लेखनीय है कि स्व. सुखदेव थापर, भगत सिंह और राजगुरु के साथ भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले क्रांतिकारियों में से एक थे। 23 मार्च 1931 को उन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमकर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

मप्र में कई सरकारी कॉलेज पर लगेगा ताला

भोपाल। मध्य प्रदेश में जल्द पुराने सरकारी कॉलेज में ताला लगने वाला है। उच्च शिक्षा विभाग प्रदेश के कई शासकीय बंद करने पर मंथन कर रहा है। जिन कॉलेजों में कम स्टूडेंट हैं उन्हें बंद कर इसके फैकल्टी को दूसरे कॉलेजों में भेजा जाएगा। बता दें कि मध्य प्रदेश में 571 सरकारी कॉलेज हैं। प्रदेश के कई कॉलेज ऐसे हैं जिन्हें सिर्फ स्थानीय मांग पर खोला गया था। पिछले साल 100 से अधिक कॉलेज में पर्याप्त एडमिशन नहीं हुए थे। इस साल कम एडमिशन होने पर कॉलेज बंद करने की प्रक्रिया शुरू होगी। कॉलेज में कम एडमिशन के सवाल पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर पास-पास कॉलेज खुल गए हैं।आने वाले समय में जहां विद्यार्थी नहीं होंगे, वहां की समीक्षा कर रहे हैं। कुछ कॉलेज बंद करेंगे। कॉलेज बंद करने के मुद्दे पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री ऐसे ही हैं। ये नए कॉलेज नहीं खोलेंगे लेकिन पुराने बंद करेंगे।

नेशनल लोक अदालत में 14 हजार से अधिक बिजली प्रकरणों में दी गयी 4 करोड़ की छूट

भोपाल। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि गत दिनों आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली से संबंधित 14 हजार 864 प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण कर 4 करोड़ रुपये से अधिक की छूट दी गयी है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में 7 हजार 227 प्रकरणों का निराकरण करते हुए विद्युत उपभोक्ताओं को एक करोड़ 66 लाख 27 हजार रुपये की छूट प्रदान की गयी है। कम्पनी के खाते में 9 करोड़ 76 लाख रुपये का राजस्व भी जमा कराया गया। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में 5 हजार 363 प्रकरण निराकृत हुए हैं। इनमें बिजली उपभोक्ताओं को एक करोड़ 46 लाख रुपये की छूट दी गयी है। कम्पनी को लगभग 8 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसी तरह पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के जिलों में 2 हजार 274 प्रकरणों का निराकरण कर करीब 98 लाख रुपये की छूट बिजली उपभोक्ताओं को दी गयी है। कम्पनी को लगभग 4 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। मंत्री तोमर ने बताया है कि कम्पनियों द्वारा वितरण केन्द्र स्तर तक लोक अदालत के लिए प्रभावी तैयारी की गई थी। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम-2003 की धारा-135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौता किया गया। प्री लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट प्रदान की गई। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट मिली, जबकि लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट की तैयारी की गई थी।

एमएसएमई इकाइयों को सक्षम बनाने के लिए ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग विषय पर कार्यशाला हुई

भोपाल। एमएसएमई इकाईयों को सपोर्ट करने के लिए ट्रेड्स यानि टीआरईडीएस प्लेटफार्म पर राज्य शासन के विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों को खरीददारों के रूप में आन-बोर्डिंग के लिए गुरूवार को पंचानन भवन में संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। भारत सरकार द्वारा स्थापित ट्रेंड रिसीवेबल्स डिसकाउंटिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। यह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को व्यापार प्राप्तियों के लिए वित्त पोषण जैसी सुविधा देने वाला मंच है। कार्यशाला में सभी विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारी उपस्थित थे। एक दिवसीय कार्यशाला में बताया गया कि भारत सरकार की अधिसूचना के अंतर्गत पंजीकृत सभी कंपनिया, जिनका कारोबार 250 करोड़ रूपये से अधिक है और सभी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्थापित ट्रेंड्स प्लेटफार्म पर आन-बोर्ड अथवा पंजीयन करवाने के निर्देश दिए गए है। विभागों तथा सार्वजनिक उपक्रमों को इस प्लेटफार्म से जोड़ने का उद्देश्य एमएसएमई तथा स्टार्ट-अप्स को उनके देयकों का समय पर भुगतान करना है जिससे उनकी नकद तरलता बनी रहे। ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बिल डिस्काउंटिंग के माध्यम से उनके द्वारा प्रदाय की गयी वस्तुओं और सेवाओं के लिए तत्काल भुगतान की सुविधा देता है, जो कार्यशील पूंजी के प्रवाह को सक्षम बनाता है। जब कोई विक्रेता ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम प्लेटफॉर्म पर इनवॉइस अपलोड करता है, तो यह स्वीकृति के लिए खरीदार के पास जाता है। जब यह इनवॉइस किसी खरीदार द्वारा स्वीकृत कर ली जाती है, तो ये इनवॉइस नीलामी में जाता है तथा वित्तीय संस्थान विभिन्न छूट की दरों को उद्धृत कर सकता है। अगले कार्य दिवस में राशि विक्रेता को प्रदाय कर दी जाएगी। इसके बाद खरीदार फाइनेंसर को भुगतान करेगा। ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम प्लेटफॉर्म ऑपरेटर Payment and Settlement Systems Act, 2007 के अंतर्गत रिजर्व बैंक ऑफ़ इण्डिया के द्वारा अधिकृत हैं।

सिंहस्थ की आनंदमयी तैयारियों के लिये भोपाल में अधिकारियों का प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप आनंद की अनुभूति और हर्षोल्लास से करेंगे श्रद्धालुओं का स्वागत

विजय मत, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप सिंहस्थ-2028 के अवसर पर माँ क्षिप्रा के पावन स्नान के लिये उज्जैन पधारने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के आनंदमयी महाकुंभ स्नान के लिये अधिकारियों का त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का गुरूवार को समापन हुआ। इस अवसर पर राज्य आनंद संस्थान भोपाल निदेशक सत्यप्रकाश आर्य ने कहा कि आप अपने काम पर गर्व करें और जिंदगी को गरिमामयी बनाकर जीवन को आनंद के साथ जिये। उन्होंने नैतिक मुल्यों पर आधरित जीवन यापन में और प्रशासनिक क्षेत्र में बेहतर माहौल और समन्वय बनाय रखने की बात कहीं। निदेशक आर्य प्रशासन अकादमी में आयोजित त्रि-दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में उज्जैन संभाग के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

राज्य आनंद सास्थान के निदेशक आर्य ने कहा कि हमें अपने सारे काम विवेक के साथ करना है, परंतु उसके साथ आनंद का समावेश होना भी बहुत जरूरी है। ऐसे कार्य जिसमें आनंद न हो, उसे आनंद मूल्य की परिधी में नहीं रखा जा सकता। काम ऐसा करें दूसरों के लिये प्रेरणादायी हो।

मौन से बड़ा कौन

प्रशिक्षण सत्र में मौन के महत्व के महत्व पर विचार रखते हुए वक्ताओं ने आत्म शांति के लिये मौन के महत्व को बताया। प्रातः 7 बजे से योगाभ्यास से प्रारंभ प्रशिक्षण में गुरूवार को सत्र के अंतिम दिन 7:30 बजे से 11 बजे तक मौन रखा गया। 3:30 घंटे मौन रखकर "मौन से बड़ा कौन6 वाक्य के महत्व को प्रैक्टिकली समझाया गया। शाम को छोटे-छोट ग्रुप बनाकर स्वयं को समझने, आत्मचिन्तन की कला के साथ जीवन मुल्यों को कैसे जिया जाये आदि प्रशिक्षण सत्र के प्रमुख भाग रहे। वीडियो फिल्म के माध्यम से मन की स्वच्छता को बढ़ाने का संदेश दिया गया।

उज्जैन से आए मास्टर ट्रेनर डॉ. प्रवीण जोशी ने कहा कि, सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर इस प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों को अल्पविराम का विस्तृत परिचय, लाइफ बैलेंस शीट, मेरे रिश्ते, चिंता का दायरा प्रभाव का दायरा, फीडम ग्लास जैसे टूल्स से प्रतिभागियों को परिचय कराया गया है। कार्यशाला में उज्जैन संभाग के प्रमुख और जिले प्रमुख लगभग 40 प्रतिभागी उपस्थित हुए। विभिन्न सत्रों में संस्थान के मास्टर ट्रेनर डॉ. समीरा नईम देवास से, डॉ. प्रवीण जोशी उज्जैन से, संजय पांडेय उमरिया से, शिरीष सुमन शर्मा शाजापुर से, डॉ. अमित मुखर्जी पंचगनी से, अजीत महतों भोपाल से विशेष उपस्थित रहे।

सारंगपुर में सेना के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा, मंत्री टेटवाल ने किया पूर्व सैनिकों का सम्मान

सारंगपुर में गूँजा वंदेमातरम्, भव्य तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

विजय मत, भोपाल

भारतीय सेना के सम्मान में राजगढ़ के सारंगपुर विधानसभा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमे देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हजारों नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा गांधी चौक से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई बस स्टैंड पहुची। जहां भारत माता की आरती के साथ यात्रा का विश्राम हुआ।

यात्रा में सर्वधर्म समभाव आया नजर

भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में सर्व समाज के लोगों से हिस्सा लिया। इसमें सामाजिक संगठन, मंडल, समितियों और वर्ग के लोगों ने एकता का संदेश देते हुए राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट निष्ठा का परिचय दिया। साथ ही यात्रा में युवाओं, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। यात्रा में भारत माता की झांकी, परंपरागत वेशभूषा में सजे युवाओं की टोली और बैंड खास आकर्षण का केन्द्र रहे।

राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बना सारंगपुर

भव्य तिरंगा यात्रा के बाद मंत्री टेटवाल ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि आज सारंगपुर राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन गया है। यह सारंगपुर के लिए गौरव की बात है, आज यहां की जनता ने यह स्पष्ट कर दिया कि देश की रक्षा में लगे सैनिकों के लिए जनता के दिलों में कितना सम्मान है। आज यह यात्रा सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और राष्ट्रप्रेम का जीवंत उदाहरण बन गई है।

पुष्प वर्षा के साथ हुआ यात्रा एवं पूर्व सैनकों का स्वागत, देशभक्ति में झूमा सारंगपुर

तिरंगा यात्रा दोपहर 3 बजे गांधी चौक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई बस स्टैंड पहुची। मार्ग में जगह जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। वही यात्रा में भारतीय सेवा के पूर्व सैनिक भी शामिल हुए जिन्हें देख हर तरफ भारत माता की जय, वंदे मातरम्, और जय हिंद के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

यात्रा में प्रशासन और स्वयंसेवकों का रहा बेहतर समन्वय

यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। नगर प्रशासन, पुलिस विभाग, और विभिन्न सामाजिक संगठनों के स्वयं सेवकों ने मिलकर व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा।

भारतीय सैनिकों पर भारत करता है गौरवः मंत्री टेटवाल... *तिरंगा यात्रा में मध्यप्रदेश सरकार के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने यात्रा की शुरुआत की। भारत माता की आरती से पहले मंत्री टेटवाल ने कहा कि हमारे जवान सीमा पर खड़े होकर दिन रात देश की सेवा कर रहे हैं। उनका उत्साहवर्धन करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। आज सारंगपुर के नागरिकों ने एकता और देशप्रेम का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है वह प्रेरणादायक है। भारत एक पूण्य भूमि है। जहां वीरों ने जन्म लिया। भारतीय वीर नारियों की गाथा संपूर्ण देश में विख्यात है। यह हमारा गौरव है कि इस धरती पर उन वीरांगनाओं ने जन्म लिया, जिनका गौरवशाली गाथा इतिहास में अमर है। आज केवल सारंगपुर ही नहीं बल्कि पूरा देश सेना के जवानों पर गौरवान्वित महसूस करता है।*

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच निरंतर संवाद आवश्यकः देवड़ा

जिला योजना समिति में दिये निर्देश

विजय मत, भोपाल

उप मुख्यमंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि लोगों की समस्या के निराकरण और विकास की योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिये जन प्रतिनिधियों और सबंधित विभागों के अधिकारियों के बीच निरन्तर संवाद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़ी समस्या का निराकरण तत्परता से किया जाएं। जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों का समय-सीमा तय कर समाधान करें। उप मुख्यमंत्री देवड़ा गुरूवार को जबलपुर में जिला योजना समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने बैठक में जल जीवन मिशन एवं अमृत 2.0 सहित जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के कार्यों की समीक्षा की तथा सिविल डिफेंस प्लान के क्रियान्वयन पर योजना समिति के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे का निराकरण अगर जिला स्तर पर संभव नहीं है, तो तत्काल उनके संज्ञान में लाया जाएं जिससे शासन स्तर पर उसे निराकृत करने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था, शहर में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था में सुधार, यात्री बसों के शहर में प्रवेश पर लगे प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराने और अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर भी बैठक में विचार विमर्श हुआ। इस के साथ ही नवनिर्मित राँझी में स्टेडियम का नामकरण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. ईश्वरदास रोहाणी खेल परिसर के नाम पर करने तथा पनागर जनपद पंचायत के ग्राम खिरियाकला के शासकीय हाई स्कूल का नाम इस स्कूल के लिये जमीन दान करने वाली राधिका पटेल एवं लक्ष्मी पटेल के नाम करने के प्रस्ताव का अनुमोदन भी बैठक में किया गया। बैठक में राज्य सभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे एवं विधायकगण मौजूद थे।

पूर्व गृहमंत्री ने किए महाकाल और बाबा अंगारेश्वर के दर्शन, बोले- भारत विश्व गुरु बने बस यही कामना

विजय मत, ब्यूरो, उज्जैन

मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा गुरुवार को विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में कालों के काल बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे, जहां उन्होंने चांदी द्वार से बाबा महाकाल का पूजन अर्चन किया और उसके बाद नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी सत्यनारायण जोशी ने बताया कि मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा आज बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने के लिए धार्मिक नगरी उज्जैन पहुंचे। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर विधिविधान के साथ बाबा महाकाल का पूजन अर्चन किया। बाबा महाकाल को नमस्कार किया और नंदी जी का पूजन अर्चन कर उनके कान में अपनी मनोकामना भी कही। बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भारत विश्व गुरु बने देश और प्रदेश सुख समृद्ध हो बस यही कामना करने बाबा महाकाल के दरबार आया हूं।

महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन व पूजन करने के बाद पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा अंगारेश्वर महादेव मंदिर दर्शन करने पहुंचे। वहां पंडित मनीष उपाध्याय द्वारा विशेष पूजन अर्चन कर आरती करवाई गई। यहां भी नरोत्तम मिश्रा ने भगवान श्री अंगारेश्वर की भक्ति में लीन होकर पूजन अर्चन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

पीएम मोदी दिखाएंगे इंदौर मेट्रो को हरी झंडी, शुरुआत में मिलेगी फ्री यात्रा

इंदौर। इंदौर मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर संचालन के लिए मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने अपनी तैयारियों में तेजी ला दी है। हालांकि इंदौर मेट्रो के कॉमर्शियल रन की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन यह लगभग तय हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे हरी झंडी दिखाएंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी 20 मई को वर्चुअली शामिल होकर मेट्रो को हरी झंडी दिखा सकते हैं। फिलहाल सरकार और मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। सीएमआरएस (कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी) की टीम पहले ही मेट्रो को हरी झंडी दे चुकी है और ओके रिपोर्ट सौंप दी है।

मेट्रो लोकार्पण के चलते टली रीजनल ग्रोथ समिट, अब और बड़े बिल्डरों की होगी एंट्री

विजय मत, ब्यूरो, इंदौर

इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 16 मई को आयोजित होने वाली रीजनल ग्रोथ समिट आगामी सूचना तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) के सीईओ ने जानकारी दी कि यह समिट अब बाद में आयोजित की जाएगी। बीती रात ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में तैयारियों के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने फोन पर सूचना देकर समस्त कार्य रुकवाया। अधिकारियों ने समिट को स्थगित करने का निर्देश दिया जिससे आयोजकों को तैयारियां रोकनी पड़ीं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने भी समिट स्थगित होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि अब इस आयोजन को और बेहतर तरीके से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए देश के प्रमुख महानगरों से रियल एस्टेट से जुड़े बड़े बिल्डरों और डेवलपरों को आमंत्रित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि समिट को अब 15 दिन बाद आयोजित किया जा सकता है। इससे आयोजकों को अधिक तैयारी का समय मिलेगा और आयोजन को व्यापक स्वरूप दिया जा सकेगा।

इस समिट का उद्देश्य मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देना था। 16 मई को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में प्रस्तावित समिट में इंदौर सहित ग्वालियर, देवास, भोपाल, उज्जैन, मंदसौर, जबलपुर, नीमच जैसे शहरों के प्रतिभागियों के शामिल होने की योजना थी।

खास-खबर विश्व बैंक प्रतिनिधि मंडल ने की प्रबंध संचालक भोंडवे से भेंट

विश्व बैंक की मदद से संचालित परियोजनाएं समय से पूरी हों : एमडी भोंडवे

विजय मत, भोपाल

विश्व बैंक के प्रतिनिधियों ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम, मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के आयुक्त सह प्रबंध संचालक संकेत भोंडवे से भोपाल के पालिका भवन में सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान भोंडवे ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि विश्व बैंक की सहायता से संचालित परियोजनाएं उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ क्रियान्वित की गई हैं और शेष निर्माण कार्य भी तीव्र गति से पूर्ण किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में संचालित योजनाओं को निश्चित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये।

विश्व बैंक की सहायता से मध्यप्रदेश में विभिन्न शहरी अधोसंरचना परियोजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। इनमें धरमपुरी, भेड़ाघाट और शाजापुर में सीवरेज परियोजनाओं को पूरा किया जा चुका है, जबकि छिंदवाड़ा सीवरेज परियोजना अंतिम चरण में है और शहडोल में यह कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसके अलावा बुरहानपुर और खरगौन में जल प्रदाय परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और सेवढ़ा जल प्रदाय परियोजना पर कार्य तेजी से किया जा रहा है।

बैठक में विश्व बैंक मिशन की ओर से रघु केशवन, रिद्धिमान साहा, सुज्योति नायर और डी.एम. मोहन ने भाग लिया। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की ओर से प्रमुख अभियंता आनंद सिंह और उप परियोजना संचालक (तकनीकी) शैलेन्द्र शुक्ला ने प्रतिनिधिमंडल को परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रदान की। मिशन के समन्वय की जिम्मेदारी तकनीकी अधिकारी कमलेश भटनागर द्वारा निभाई गई।

सेना का सम्मान सर्वोपरि, जीतू पटवारी बोले-

विजय शाह को बर्खास्त कर प्रधानमंत्री स्पष्ट संदेश दें

विजय मत, भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा सेना अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध की गई अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की कि विजय शाह को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। पटवारी ने कहा है कि भारत-पाक तनाव के समय प्रधानमंत्री ने पूरे देश को यह संदेश दिया था कि 140 करोड़ भारतीय एकजुट हैं और सेना के साथ हैं। परंतु जब उन्हीं की पार्टी का एक मंत्री सेना के सम्मान को ठेस पहुंचाता है, तब प्रधानमंत्री की चुप्पी और भाजपा का संरक्षण, इन संदेशों की गंभीरता पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस को चार घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था, लेकिन पुलिस ने आठ घंटे की देरी से कार्रवाई की, जिससे सरकार की नीयत पर संदेह होता है। पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि अब विजय शाह सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। यह भाजपा की तरफ से उन्हें बचाने की एक सोची-समझी कोशिश प्रतीत होती है।

न्यूज इन शॉर्ट

पीएम जनमन योजना के तहत दी जाने वाली सुविधाओं का दिलाए लाभः कलेक्टर

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा हितग्राहियों के लिए भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन 12 विभागों द्वारा योजनाओं का संचालन या निर्माण कार्य किया जा रहा है वे सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरे किए जाएं। आपने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से संचालित पीएम जनमन आवास योजना से कोई भी बैगा पात्र हितग्राही लाभ से वंचित नहीं रहे, जहां बैगा जनजाति के लोग निवास करते हैं उन ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों तथा रोजगार सहायकों को इस आशय के आदेश से अवगत कराया जाए तथा उनसे प्रामण पत्र भी प्राप्त किया जाए, कि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित नहीं है। आपने पीएम जनमन योजना के तहत बनाए जा रहे आंगनवाड़ी केन्द्रो, पहुंच मार्ग, विद्युत लाइन एवं आवासों में कनेक्शन तथा पेयजल उलब्ध कराने हेतु टंकियों का निर्माण पाइप लाइन विछाने एवं घरों में कनेक्शन देने की भी समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती एंटोनिया एक्का, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए नवीन खेत तालाब के कार्य

शहडोल। जल को बचाएं जीवन को बचाएं卐, 卐जब तक जल सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है卐 गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत ग्राम खड्डा, ब्यौहारी के ग्राम पंचायत खांड में नवीन खेत तालाब व वाटर रिचार्ज के कार्य किए गए।

बच्चों को हैंडबाल खेल का दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

शहडोल। मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार संभागीय मुख्यालय शहडोल में 15 स्थानों में 15 खेल विधाओं के प्रशिक्षण दिये जा रहे है। संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम शहडोल के हैंडबॉल ग्राउंड में हैंडबॉल कोच सुश्री श्रीदेवी स्वामी द्वारा 20-25 बच्चों को हैंडबॉल का प्रशिक्षण प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक शाम 5 बजे से 7 बजे तक दिया जा रहा है। गौरतलब है कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण 12 जून 2025 आयोजित किया जाएगा।

नथमल पेट्रोल पंप पर छापा, उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी

पेट्रोल पंप संचालकों की प्रतिष्ठा पर सवाल, नापतोल विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप

विजय मत, शहडोल

शहर के प्रतिष्ठित चौपाटी क्षेत्र में स्थित नथमल पेट्रोल पंप एक बार फिर विवादों के घेरे में है, लेकिन इस बार मामला केवल तेल की माप में गड़बड़ी तक सीमित नहीं है। उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी, कर्मचारियों के वेतन में कटौती, बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी और श्रम कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाए जाने जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं।

देवेंद्र शुक्ला उर्फ लकी ने गंभीर अनियमितता की शिकायत

यह मामला तब उजागर हुआ जब जागरूक उपभोक्ता देवेंद्र शुक्ला उर्फ लकी ने एक गंभीर अनियमितता की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बाइक की टंकी की क्षमता केवल 10.5 लीटर है, बावजूद इसके पंप कर्मियों ने 14 लीटर पेट्रोल भरने का दावा किया। यह स्पष्ट रूप से उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी और तकनीकी हेरफेर का मामला बनता है। देवेंद्र अब इस मामले को उपभोक्ता फोरम और वाहन निर्माता कंपनी के विरुद्ध भी कदम उठाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों का भी शोषण पंप संचालक द्वारा किया जा रहा है।

पंप प्रबंधन को नापतोल विभाग ने दिए निर्देश

शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए नापतोल विभाग की टीम, निरीक्षक आर.एस. देहाता के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और औचक निरीक्षण किया। जांच में खुलासा हुआ कि पंप की मशीनें संदिग्ध तरीके से अधिक मात्रा दर्शा रही थीं, जिससे उपभोक्ताओं को धोखे में रखा जा रहा था। कई मशीनों की सील टूटी हुई पाई गई, और मापन व्यवस्था में स्पष्ट खामियां दर्ज की गईं। प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर मशीनों को सुधरवाने के निर्देश दिये गये है और पंप प्रबंधन को नोटिस जारी कर दिया गया है।

श्रमिक शोषण का भी खुलासा

जांच के दौरान कर्मचारियों से मिली जानकारी ने एक और गंभीर पहलू उजागर किया। यहां काम करने वाले कर्मचारियों को केवल 5 से 6 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जा रहा है, जबकि न्यूनतम मजदूरी मानक के अनुसार उन्हें 15 से 17 हजार रुपए तक वेतन मिलना चाहिए। यह स्पष्ट रूप से श्रम कानूनों का उल्लंघन है और इस पर श्रम विभाग को अविलंब कार्रवाई करनी चाहिए।

बुनियादी सुविधाओं का अभाव

पेट्रोल पंप पर न केवल तकनीकी धोखाधड़ी बल्कि उपभोक्ताओं की सुविधाओं को लेकर भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। हवा भरने की मशीन उपभोक्ताओं से 10 रुपए लिए बिना चालू नहीं होती, जो कि उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है। वहीं पीने का पानी कभी उपलब्ध रहता है तो कभी नहीं है और शौचालय पर हमेशा ताला लगा रहता है, जिससे यात्रियों को अत्यधिक असुविधा होती है।

देवेंद्र शुक्ला बने उपभोक्ता जागरूकता का चेहरा

इस कार्रवाई के बाद समाजसेवी देवेंद्र शुक्ला ने कहा, ÷यदि हर नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग हो जाए, तो इस प्रकार की धोखाधड़ी पर अंकुश लगाया जा सकता है।÷ उनका यह कदम न केवल प्रशासन को सक्रिय करने वाला है बल्कि अन्य उपभोक्ताओं के लिए प्रेरणास्पद भी है।

शहर के अन्य पंपों की भी जांच हो

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों की सघन जांच की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकतर उपभोक्ता तकनीकी जानकारी के अभाव में ठगे जाते हैं और विभागीय टीमें तभी हरकत में आती हैं जब कोई शिकायत करता है।

फिलहाल कार्रवाई जारी

नापतोल विभाग ने मशीनों को सही करने के निर्देश दिए हैं विभागीय सूत्रों के अनुसार, आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, और रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

विजय मत, शहडोल

जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के दरोगा पुलिया में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ऑटो को ठोकर मार दी, जिसमें ऑटो चालक की मौके पर मौत हो गई, घटना के बाद नाराज परिजन शहडोल रीवा मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगों से बातचीत कर उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन विरोध कर रहे लोग मानने को तैयार नहीं हुए। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई रही।

पुलिस ने बताया की ऑटो और स्कॉर्पियो में आमने-सामने भिड़ंत के बाद ऑटो चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। ऑटो चालक पास के गांव का रहने वाला था। घटना की जानकारी लगते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। विरोध में ऑटो चालक के परिजन एवं स्थानीय लोग मौके पर काफी संख्या में सड़क पर खड़े होकर चक्का जाम लगा दिया।

सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों से बातचीत करने की कोशिश कर रही है दो थाने की सीमा पर यह दरोगा पुलिया होने से ब्यौहारी एवम देवलौंद थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्कॉर्पियो वाहन भी मौके पर खड़ा रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंच वाहनों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की

एक घंटे से अधिक समय तक शहडोल रीवा मार्ग में जाम

ब्यौहारी के दरोगा पुलिया में यह सड़क हादसा हुआ। यह मार्ग शहडोल से रीवा को जोड़ता है। विरोध कर रहे लोग सड़क पर खड़े हैं और चक्का जाम लगा दिया। जिससे शहडोल रीवा मार्ग में एक घंटे से अधिक समय तक जाम लगा रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही, जिससे आवाजाही कर रहे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह में सत्यम एवं अंजली वरमाला पहनाकर, बंधे वैवाहिक जीवन में

शहडोल। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना बेटियों के लिए वरदान साबित हुई है। योजना के तहत घर जैसे वातावरण में बेटियों का विवाह गाजे बाजे के साथ संपन्न किया जाता है तथा उपहार स्वरूप 49 हजार रूपये चेक वधू को दिया जाता है। शहडोल जिले के जयसिंहनगर तहसील के ग्राम कुबरा निवासी सत्यम ढोलिया एवं अंजली ढोलिया ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वरमाला पहनाया तथा सात फेरों के साथ वैवाहिक जीवन में बंधे। अंजली ने बताया कि जनपद पंचायत सोहागपुर में मेरे विवाह के लिए आवेदन किया गया। आवेदन पश्चात जनपद पंचायत सोहागपुर के कंकाली मंदिर अंतरा में मेरा विवाह सत्यम ढोलिया के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न हो गया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना की शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका फायदा भी सभी पात्र बेटियों को मिल रहा है। इसके लिए मै प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रषासन को धन्यवाद देती हूं।

दो कंपोजिट मदिरा दुकानों का निरीक्षण, 45 00 किलो महुआ लाहन किया गया नष्ट

विजय मत, शहडोल

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी सतीष कष्यम के निर्देषानुसार कंपोजिट मदिरा दुकान देशी ब्यौहारी, कंपोजिट मदिरा दुकान पपौध का निरीक्षण किया गया। जहरीली अवैध शराब के विक्रय परिवहन संधारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर ग्राम पपोढ़ में सोन नदी के किनारे 4500किलो महुआ लाहन सैपल लेकर नष्ट किया गया तथा ग्राम कल्हारी में रामभजन प्रजापति के घर से 3 लीटर हाथ भट्टी मदिरा60किलो महुआ लाहन भगवानदीन प्रजापति के घर से 2लीटर हाथ भट्टी मदिरा 45किलो महुआ लाहन रामकली प्रजापति के घर से 7 लीटर हाथ भट्टी मदिरा 45किलो महुआ लाहन जप्त कर प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915संशोधन 2000की धारा 34(क)(च) के तहत प्रकरण कायम किया गया। उक्त सामग्री की अनुमानित कीमत 466800 रूपये है। उक्त कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक मृत्युंजय सिंह के नेतृत्व में की गई जिसमे सहयोगी आबकारी आरक्षक सहेज सिंह एवं योगेंद्र जायसवाल की भूमिका रही।

उल्लास नव भारत सक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत असाक्षरों का सर्वे करने हेतु कलेक्टर ने दिए निर्देश

शहडोल। ।जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमती सावित्री सोनी ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के असाक्षरों को नवसाक्षर करने हेतु प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत वर्ष 2027 तक प्रदेश को पूर्ण साक्षर किये जाने का लक्ष्य है। इस हेतु विद्यालयों, महाविद्यालयों, एन.सी.सी.एन.एस.एस., स्काउट गाईड, बी.एड, डी.एड के छात्र-छात्राओं की मदद से ग्राम एवं वार्ड स्तर की प्रत्येक घर के असाक्षर व्यक्तियों का ऑनलाईन तथा आफलाईन शत- प्रतिशत सर्वे कराया जाना है। प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत अगस्त 2025 की संभावित साक्षरता परीक्षा की तैयारी हेतु कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने निर्देश दिए हैं कि जिले में नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 के साथ-साथ उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत समस्त ग्राम/वार्ड के समस्त घरों का डोर टू डोर सर्वे का कार्य 1 अप्रैल 2025 से प्रारम्भ किया गया है। सर्व कार्य को सफल बनाने हेतु शासकीय एवं अशासकीय सभी विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का सहयोग लिया जाए।



आर्या ने गांव का नाम किया रोशन

शहडोल। सिंहपुर गांव की बेटी एवं गुड शेफर्ड कॉन्वेंट की छात्रा सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणाम में 82.3 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाली छात्रा आर्या शर्मा पिता अमिताभ,माता याचना,दादा रमाकांत एवं दादी सरोज शर्मा सहित अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन का अनुकरण किया, वहीं दादा रमाकांत शर्मा ने उत्साह बढ़ाया, छात्रा आर्या शर्मा ने कहा कि मैं अपने दादा जी का सपना पूरा करूंगी।

इलाज के नाम पर मरीजों को लूट रहे डाक्टर

अनावश्यक जांचों का बोझ, मरीज बेहाल, बढ़ रहा आर्थिक बोझ

विजय मत, शहडोल

जिले में चिकित्सा सेवा के नाम पर डॉक्टर मरीजों की उम्मीदों से खिलवाड़ करते हुए उन्हें आर्थिक रूप से लूट रहे हैं। जहां डॉक्टरों को भगवान का दर्जा दिया जाता है, वहीं आज वे मरीजों के लिए इलाज नहीं, बल्कि मुनाफे का अड्डा बन चुके हैं। जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में मरीजों को औपचारिकता के लिए देखा जाता है और फिर प्राइवेट क्लीनिक में भेजा जाता है। प्राइवेट क्लीनिक में लंबी कतारें लगती हैं, लेकिन असल मुनाफा दवाइयों और जांचों से होता है।

क्लीनिक के साथ मेडिकल स्टोर का घनिष्ठ संबंध

शहर के अधिकांश डॉक्टरों के क्लीनिक के साथ उनका अपना मेडिकल स्टोर भी होता है। मरीजों को डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाइयां केवल उन्हीं स्टोरों से उपलब्ध होती हैं, जहां दाम सामान्य से कई गुना ज्यादा होते हैं। गरीब मरीज मजबूरन इन महंगी दवाइयों को खरीदता है, जिससे डॉक्टर और मेडिकल स्टोर संचालक के बीच कमीशन का खेल चलता है। डॉक्टर दवाइयों के व्यापार से 15-20 प्रतिशत तक कमीशन लेते हैं, जो हर महीने मेडिकल स्टोर द्वारा उन्हें दिया जाता है। इस व्यवस्था में मरीजों का आर्थिक शोषण हो रहा है।

जांचों का बोझ और कमीशन का चक्कर

मरीजों से फीस के अलावा, डॉक्टर जांचों के नाम पर भी भारी रकम वसूलते हैं। कई बार जरूरत से ज्यादा और बेकार जांचें लिखी जाती हैं, जो कमीशन के लालच में की जाती हैं। एक मरीज ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी के लिए 300 रुपए फीस दी और लगभग 2500 रुपए की जांच करवाई, जिनमें से अधिकांश जांचों का कोई चिकित्सीय महत्व नहीं था। जांच रिपोर्ट सब सामान्य आने के बाद भी डॉक्टर ने उन्हें निराश किया। इस वजह से गरीब मरीज आर्थिक संकट में फंस जाते हैं।

डॉक्टर कॉलोनी में मरीजों की बढ़ती परेशानी

डॉक्टर कॉलोनी, जो कभी शांति और सुकून का स्थान था, आज मरीजों और मेडिकल स्टोर की भीड़ से भरा पड़ा है। आसपास के निवासियों ने कई बार अधिकारियों को शिकायतें दी हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कॉलोनी में भारी भीड़ और यातायात जाम के कारण स्थानीय लोगों को भी चलने-फिरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

ऑपरेशन का सौदा भी चलता है

शहडोल के डॉक्टर सरकारी अस्पतालों की जगह अपने निजी अस्पतालों में मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजते हैं। मरीजों को बेहतर सुविधाओं का लालच देकर भारी रकम वसूलते हैं, जबकि जिला चिकित्सालय में सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं। यह पूरी व्यवस्था मरीजों का शोषण करने वाली व्यावसायिक नीति बन चुकी है।

बैठक — अभियान को सफल बनाने हेतु दिन-प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाने तथा मानीटरिंग की व्यवस्था करें- आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता

कुपोषण निवारण हेतु संचालित किया जाएगा तीन महीने का अभियान

विजय मत, शहडोल

संभाग को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु महिला एंव बाल विकास विभाग अन्य विभागों से समन्वय कर तीन माह तक कुपोषण निवारण कार्यक्रम संचालित करे। अभियान के संचालन के लिए दिन-प्रतिदिन की कार्य योजना, कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाने के मैदानी अमले के दायित्वों का निर्धारण, रिपोर्टिंग एवं मानीटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। यह निर्देश आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित कुपोषण निवारण अभियान के संचालन की समीक्षा करते हुए दिए।

बैठक में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास मंजूलता सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी शहडोल श्री मनोज लारोकर, उमरिया श्री कुशराम, सहायक संचालक अनूपपुर श्रीमती मंजूषा शर्मा, सहायक संचालक राकेश खरे उपस्थित रहे।

समय पर खुले आगनबाड़ी केन्द्र

आयुक्त शहडोल संभाग ने निर्देश दिए कि संभाग में सभी आंगनवाड़ी केन्द्र समय पर खुलें। वहां दर्ज बच्चे शत-प्रतिशत उपस्थित हों, बच्चों को सुबह का नाश्ता, भोजन तथा विशेष पोषण आहार अलग-अलग समय में वितरित किया जाए।

घर-घर जाकर बच्चों का वजन बढ़ाने का प्रयास करें

आंगनवाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों का वनज लिया जाए तथा उनकी प्रोफाइल तैयार की जाए। जो बच्चे आंगनवाड़ी में नहीं दर्ज हैं उनका वजन घर-घर संपर्क कर लिया जाए। इस कार्य की सुपरवाइजर के माध्यम से मानीटरिंग की जाए। वजन कम होने के कारणों, भोजन में अरूचि को जानने के लिए स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। स्वास्थ्य शिविरों में चिन्हित किए गए कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जाए। सभी बच्चों के रिकार्ड दर्ज कराए जाएं। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जन प्रतिनिधियों तथा समुदाय को भी शामिल किया जाए। स्थानीय समुदाय के लोगों को कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को गोद में लेने हेतु प्रेरित किया जाए। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग मंजूलता सिंह ने कहा कि मंगल दिवस के अवसर पर माताओं को पोषण आहार तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाए तथा तृतीय विशेष आहार आंगनवाड़ी में ही तैयार कराकर मां की उपस्थिति में बच्चों को वितरित किया जाए।

युवा टीम ने वितरण किया जरूरतमंद वृद्ध जनों को देशी फ्रिज

विजय मत, उमरिया

गर्मी का मौसम प्रारंभ होते ही लोगों को ठंडे पानी के लिए देसी फ्रिज मटको की आवश्यकता महसूस होने लगी है। इसी क्रम में जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा असहाय व जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर व वृद्ध पुरुष व महिलाओं को देशी फ़िरज (मटके) वितरण किया गया।

पाली थाने से प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि युवाओं की अनोखी पहल है जो कि सराहनीय है। युवाओं के द्वारा मटके पर आकर्षित चित्र बनाकर जरूरतमंदों को मटके वितरण किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा की देसी फ्रीज कहे जाने वाले घड़े अपने खास गुणों के कारण हर वर्ग की पसंद और जरूरत बन रहे है। अब तक घड़े केवल ठंडे पानी और उसके कहे सुने गुणों तक ही लोगों की जानकारी सीमित थी। लेकिन अब इसकी वैज्ञानिकता लोगों ने इसकी उपयोगिता को एक सौ गुना बढ़ा दिया है।

टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चिन्हित 12 वृद्ध महिलाओं को देसी फ्रिज यानी कि मटके वितरण किया गया है निश्चित रूप से इस देसी फ्रिज से इस भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा सकेंगे।

विराट के संन्यास से टेस्ट क्रिकेट को लगा झटकाः माइकल वॉन

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने विराट कोहली के अचानक ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने पर निराशा जतायी है। वॉन ने कहा कि वह विराट के इस प्रकार संन्यास लेने से टेस्ट क्रिकेट का भी नुकसान हुआ है। वॉन ने कहा कि विराट ने टेस्ट क्रिकेट के लिए जितना किया है उतना किसी और खिलाड़ी ने नहीं किया है। उनकी आक्रामकता से टेस्ट को एक नई पहचान मिली है और उसके प्रति दर्शकों का आकर्षण बढ़ा है। वॉन ने कहा ,'टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वालों में बहुत कम ही ऐसे हैं. जिनके जाने से मैं वाकई दुखी हुआ हूं कि अब इसे दोबारा खेलते देखने का मौका नहीं मिलेगा। मैं इसलिए भी दुखी हूं कि अब विराट को इंग्लैंड दौरे पर या आगे सफेद जर्सी में नहीं देख सकेंगे।'

वॉन ने कहा ,'मैं स्तब्ध हूं कि वह अभी संन्यास ले रहा है और दुखी भी हूं। मुझे नहीं लगता कि टेस्ट प्रारूप के लिए किसी और बल्लेबाज ने इतना किया है जितना कोहली ने।' भारत के सफलतम टेस्ट कप्तान कोहली की कप्तानी में भारत ने 68 में से 40 टेस्ट जीते हैं। वॉन ने कहा कि कोहली ने पारंपरिक प्रारूप से लोगों को फिर प्यार करना सिखाया और उनके बिना यह प्रारूप बहुत नीरस होता। वॉन,'एक दशक पहले जब वह कप्तान बना तो मुझे लगा था कि भारत की टेस्ट क्रिकेट में रूचि कम हो रही है।

आईपीएल सत्र के बाद संन्यास ले सकते हैं धोनी

मुम्बई, एजेंसी

नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की कप्तानी संभाल रहे महेन्द सिंह धोनी का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है। वह फिटनेस समस्याओं से भी जूझते दिखे। इससे ये संकेत मिलते हैं कि धोनी इस सत्र के बाद शायद ही खेलते हुए दिखें। इस सत्र में सीएसके की टीम को प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा और वह प्लेऑफ से भी शुरुआत में ही बाहर हो गयी। उसके बाद से ही धोनी ने कहा था कि अब टीम अगले सत्र के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की तलाश कर रही है। जो बताता है कि धोनी आईपीएल से संन्यास ले सकते हैं। वैसे भी धोनी की उम्र 43 साल हो गयी है और अब उनके खेल में पहले वाली बात नहीं रह गयी है। वह पिछले आईपीएल में भी मांसपेशियों में खिंचाव से पीड़ित रहे थे। चोट की वजह से धोनी की लय भी प्रभावित हुई है। टीम में अब नए खिलाड़ियों को शामिल किया जा रहा है जिसमें धोनी मेंटर की भूमिका निभा सकते हैं। उनका अनुभव सीएसके के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण होगा। दूसरी ओर, धोनी ऋतुराज को कप्तानी और फील्ड प्लेसमेंट के बारे में कुछ टिप्स सीखने में मदद कर सकते हैं।

नंबर चार के लिए सबसे बेहतर बल्लेबाज रहेंगे करुणः कुंबले

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व क्रिकेटर और भारतीय टीम के कोच रहे अनिल कुंबले ने कहा है कि विराट कोहली के टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेने के कारण अब उनकी जगह नंबर चार पर किसी अच्छे बल्लेबाज की जरुरत है। कुंबले के अनुसार ऐसे में अभी उपलब्ध विकल्पों में सबसे बेहतर करुण नायर हैं। नायर के नाम टेस्ट में एक तिहरा शतक भी है पर अन्होंने अपना अंतिम टेस्ट आठ साल पहले खेला था। पिछले कुछ समय में करुण ने घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाये हैं। आईपीएल सत्र में भी अब तक उसका प्रदर्शन अच्छा रहा है।

कुंबले ने कहा, करुण ने जिस तरह का घरेलू प्रदर्शन किया है, उसे देखते हुए वह भारतीय टीम में वापसी मिलनी चाहिये। इसलिए शायद वह भारत के लिए नंबर 4 पर खेल सकते हैं, क्योंकि मुझे लगता है कि आपको थोड़े अनुभव की जरूरत होती है। आपको इंग्लैंड में किसी ऐसे खिलाड़ी की जरूरत है जो वहां जाकर खेल चुका हो। वह काउंटी क्रिकेट खेल चुका है, इसलिए वह वहां के हालातों को जानता है। करुण की उम्र भले ही 30 के पार हो पर वह अभी भी फिट है। अगर उसे मौका मिलता है, तो इससे युवाओं को फर्स्ट क्लास क्रिकेट का महत्व पता चलेगा। वहीं अगर घरेलू क्रिकेट में किए गए प्रदर्शन को मान्यता नहीं मिलती है,युवा उससे दूरे हो जाएंगे। कुंबले ने कहा कि करुण आजकल जबरदस्त फॉर्म में हैं, उन्होंने घरेलू सत्र में रणजी ट्रॉफी 2024-25 में विदर्भ की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा वह इस सत्र के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने 16 पारियों में 53.93 की औसत से 863 रन बनाए, जिसमें चार शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं।

विराट को चयन समिति का समर्थन नहीं मिला : कैफ

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि विराट कोहली ने समय से पहले संन्यास लिया है। कैफ के अनुसार किसी को भी अंदाज नहीं था कि विराट अचानक ही ये फैसला लेंगे। कैफ के अनुसार कुछ समय पहले विराट रणजी खेल रहे थे और इसका मतलब है कि वह अभी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते थे। फिर कुछ महीनों में ऐसा क्या हुआ कि उन्हें संन्यास लेना पड़ा।

कैफ का मानना है कि कोहली को चयन समिति का समर्थन नहीं मिला। समिति ने हाल के उनके फॉर्म को लेकर चिंता व्यक्त की और टेस्ट लाइन-अप में उनकी जगह पर भी सवाल उठाए थे। जिससे विराट दबाव में थे। कैफ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद रणजी ट्रॉफी में खेलना ये बताता है कि विराट अभी इतनी जल्दी टेस्ट नहीं छोड़ना चाहते थे। उन्होंने कहा

'मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट में खेलना जारी रखना चाहते थे पर बीसीसीआई के साथ उनकी बातचीत हुई होगी, जिसमें चयनकर्ताओं ने पिछले 5-6 साल में उसके प्रदर्शन को उम्मीद के अनुसार नहीं माना होगा। उन्हें कहा गया होगा कि टीम में अब उसकी जगह नहीं बनती है। हमें कभी पता नहीं चलेगा कि क्या हुआ, यह अनुमान लगाना बहुत कठिन है कि वास्तव में क्या हुआ पर उनके रणजी ट्रॉफी खेलने को देखते हुए मुझे निश्चित रूप से लगता है कि वह आगामी टेस्ट दौरे पर जाना चाहता था। पिछले कुछ हफ्तों में हुए घटनाक्रमों के कारण उसे बीसीसीआई और चयनकर्ताओं से वह समर्थन नहीं मिला जिसकी उसे उम्मीद थी।'

कोहली की फॉर्म पिछले पांच साल में गिरी है। इस दौरान वह 68 पारियों में तीन शतकों के साथ ही केवल 2028 रन बना पाये हैं। उनके करियर का औसत भी 46 तक गिरा है। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में वापसी के संकेत दिए, जहां उन्होंने नवंबर 2024 को पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में शानदार शतक जड़ा. लेकिन उसके बाद दौरे में केवल 90 रन ही बना पाए और भारत 1-3 से हार गया. कैफ को लगता है कि ऑस्ट्रेलिया में कोहली के साथ जो हुआ उससे वह निराश हुए होंगे।

ऑस्ट्रेलिया से मुकाबले में सावधान रहेः डिविलियर्स

जोहांसबर्ग, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर ए बी डिविलियर्स ने अपने देश की टीम से कहा है कि वह आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल (डब्लयूटीसी) में ऑस्ट्रेलिया से होने वाले मुकाबले को लेकर सावधान रहे। डिविलियर्स ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम को कभी भी हल्के में लेने की भूल नुकसानदेह रहेगी। साथ ही कहा कि जब भी उसे हावी होने का अवसर मिले उसका लाभ उठाये और ऑस्ट्रेलिया को उसी के आक्रामक अंदाज में जवाब दे।

डब्लयूटीसी फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। पूर्व कप्तान ने कहा भले ही इस बार हमारी टीम में अनुभव की कमी हो, फिर भी वह कमजोर नहीं है। इस मैच के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम में टोनी डी ज़ोरज़ी, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश जैसे युवा खिलाड़यों को शामिल किया है।

विलियर्स ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर सभी को कुछ हैरानी भी हुई क्योंकि उनकी टीम में अनुभव की कमी है हालांकि इसके बाद भी टीम में बेहर प्रदर्शन की क्षमता है। उन्होंने कहा कि हां, मुझे लगता है कि हम सभी के लिए आश्चर्य की बात है कि हम फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। मैं आश्चर्य इसलिए कह रहा हूं क्योंकि कि हमारी विरोधी ऑस्ट्रेलिया के पास काफी अनुभवी है। उसके पास टेस्ट मैच प्रारूप में सबसे अधिक अनुभव है और वह लगातार शीर्ष पर रहती हैं।

जीत का जश्न

रोम में एसी मिलान के खिलाफ मैच में जीत के बाद ट्रॉफी उठाये हुए बोलंगा के खिलाड़ी जश्न मनाते हुए।

बिजनेस

सोना 1,494 रुपए सस्ता होकर 92,365 पर आया, चांदी का भाव भी 1,828 रुपए गिरा

नई दिल्ली, एजेंसी

सोने-चांदी के दाम में आज यानी गुरुवार, 15 मई को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,494 रुपए गिरकर 92,365 रुपए पर आ गया। शुरुआती कारोबार में इसमें 2,375 रुपए की गिरावट थी, लेकिन बाद में इसमें रिकवरी आई। कल सोने की कीमत 93,859 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, चांदी का भाव भी 1,828 रुपए कम होकर 94572 रुपए पर आ गया। शुरुआती कारोबार में इसमें भी 2,297 रुपए की गिरावट थी। कल यानी बुधवार को एक किलो चांदी की कीमत 96,400 रुपए थी। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.10 लाख रुपए तक जा सकते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने ये अनुमान जारी किया है।

रुपया गिरावट के साथ हुआ बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ ही 85.50 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में 32 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.64 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने स्थानीय मुद्रा की गिरावट को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.53 प्रति डॉलर पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 85.64 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 32 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.32 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.81 पर रहा।

देश में लम्बे समय से पेट्रोल-डीजल उपभोक्ताओं को नहीं मिली बड़ी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कितना भी उतार या चढ़ाव आया हो, लेकिन देश में लम्बे समय से पेट्रोल-डीजल उपभोक्ताओं को बड़ी राहत नहीं मिली है। गुरुवार को सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमते जारी कर दी है। राजस्थान में पेट्रोल की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। यहां पर इसकी कीमत 105.51 रुपए प्रति लीटर ही है। हालांकि डीजल थोड़ा सस्ता हुआ है। राजस्थान में डीजल औसत कीमत 91.00 रुपए प्रति लीटर है। वहीं देश के प्रमुख शहरों में भी दोनों ही ईंधनों की कीमतों में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है।दिल्ली में पेट्रोल की 94.72 और डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 103.44, डीजल 89.97, कोलकाता में पेट्रोल 103.94, डीजल 90.76, डीजल 87.76 प्रति लटिर है। वहीं चेन्नई में पेट्रोल 100.85 तथा डीजल 92.44 रुपए और और नोएडा में पेट्रोल 94.87, डीजल 88.01 रुपए प्रति लीटर की कीमत पर बिक रहा है। देश में आखिरी बार मार्च 2024 को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव किया था। इस दौरान दोनों ईंधनों की कीमतों को 2-2 रुपए प्रति लीटर की दर से संशोधित किया गया था।

भारत सरकार चीनी निवेश प्रस्तावों की अधिक कठोर समीक्षा करेगी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने चीनी कंपनियों के निवेश प्रस्तावों की कठोर समीक्षा की योजना बनाई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह निर्णय लिया गया है, जिसे भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई के जवाब में 'ऑपरेशन सिदूंर' लॉन्च किया था। इससे चीन, तुर्की, बांग्लादेश ने पाकिस्तान को समर्थन दिया। हालांकि, यह स्थिति चीनी वेंचर्स के लिए विपरीत प्रभाव डाल सकती है। सरकार की ओर से इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग में चीनी कंपनियों के साथ ज्वाइंट वेंचर की तरफ बढ़ती रुचि के चलते अब देरी हो सकती है। होम अप्लायंसेस हायर भारतीय कार्यक्षेत्र जेएसडब्ल्यू ग्रुप के साथ संयुक्त उद्यम के संभावित 1,000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव पर सरकार ने विचार करने का फैसला किया है। इससे स्थिति उद्योग में नए सवाल उत्पन्न हो सकते हैं। सरकार ने पहले चीनी निवेश पर प्रतिबंध लगाया था और इसके लिए निवेश पर नजर रखने का निर्णय लिया था। हाल ही में चीनी कंपनियों को भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में 5जी रोलआउट से बाहर रखा गया था। इस समीक्षा के फलस्वरूप भारत ने सुरक्षित निवेश के पक्ष में कठोर कदम उठाने का नेतृत्व किया है। यह इसे आतंकी हमलों के मामले में भी अपनी रचनात्मक स्थिति बनाए रखने में मदद कर सकता है।

सेंसेक्स 1200 अंक चढ़कर 82,531 पर बंद, निफ्टी ने 6 महीने बाद 25,100 का लेवल पार किय

ऑटो, मेटल और रियल्टी शेयर्स सबसे ज्यादा चढ़े

मुंबई, एजेंसी

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार, 15 मई को सेंसेक्स 1200 अंक (1.48 प्रतिशत) चढ़कर 82,531 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के निचले स्तर से इसने 1769 अंक की रिकवरी की। निफ्टी में भी 395 अंक (1.6 प्रतिशत) की तेजी रही, ये 25,062 के स्तर पर बंद हुआ। इसमें दिन के निचले स्तर से 568 की रिकवरी हुई। 17 अक्टूबर के बाद निफ्टी ने आज पहली बार 25,100 के स्तर को पार किया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में तेजी रही। टाटा मोटर्स 4.16 प्रतिशत, HCL टेक 3.37 प्रतिशत, जोमैटो 2.22 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.19 प्रतिशत और एशियन पेंट्स 2.07 प्रतिशत ऊपर बंद हुए। इंडसइंड बैंक के शेयरे में मामूली गिरावट रही।

निफ्टी के 50 में से 49 शेयरों में उछाल रही। NSE का निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.92 प्रतिशत, रियल्टी 1.92 प्रतिशत, मेटल 1.74 प्रतिशत, मीडिया 1.59 प्रतिशत और IT 1.16 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। 14 मई को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 931.80 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों ने 316.31 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की। मई महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 9,558.65 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों ने 19,779.93 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी है।

अप्रैल महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 2,735.02 करोड़ रुपए रही। घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 28,228.45 करोड़ की नेट खरीदारी की। इस बीच सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 182 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 127 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 80 करोड़ रुपए था। ऑपरेशन से कंपनी का रेवेन्यू 22 प्रतिशत बढ़कर 1,568 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही में सैजिलिटी ने 1,283 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार, 14 मई को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 182 अंक चढ़कर 81,331 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 89 अंक की तेजी रही। ये 24,667 के स्तर पर बंद हुआ। टाटा स्टील का शेयर 3.95 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 2.26 प्रतिशत और जोमैटो 2.20 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। मारुति और इंफोसिस सहित कुल 6 शेयरों में 2 प्रतिशत तक का उछाल रहा। जबकि, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और कोटक बैंक 1.7 प्रतिशत तक गिरे। निफ्टी के 50 शेयरों में से 39 में तेजी रही। सबसे ज्यादा बढ़त मेटल सेक्टर में 2.46 प्रतिशत, रियल्टी में 1.70 प्रतिशत, IT में 1.34 प्रतिशत, मीडिया में 1.27 प्रतिशत, ऑयल एंड गैस में 1.22 प्रतिशत और ऑटो में 0.82 प्रतिशत देखने को मिली।

सरकार मोबाइल टावर उपकरणों पर 10 फीसदी सीमा शुल्क लगाएगी

- मेक इन इंडिया को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और कर छूट के दुरुपयोग को रोकने के मकसद से वित्त मंत्रालय उत्पादों के एक नए वर्गीकरण में प्रमुख मोबाइल टावर उपकरणों पर 10 फीसदी बुनियादी सीमा शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है। सैमसंग इंडिया और नोकिया सॉल्यूशंस मामले में विवाद को देखते हुए सरकार इस नीति पर विचार कर रही है। असल में इन दोनों फर्मों ने ऐसी वस्तुओं के आयात पर शून्य शुल्क लाभ का दावा किया है जिसे सरकार गलत वर्गीकरण मानती है। साल की शुरुआत में सैमसंग द्वारा कर से बचने के लिए रिमोट रेडियो हेड (आरआरएच) के आयात को कथित तौर पर गलत तरीके से वर्गीकृत किए जाने के मामले में 52 करोड़ डॉलर का कर नोटिस भेजा गया था। आरआरएच बेस स्टेशन का घटक होता है जिसका उपयोग मोबाइल टावरों में सिग्नल को प्रॉसेस करने के लिए किया जाता है। कंपनी ने कर विभाग के आदेश को मुंबई सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर अपील पंचाट (सीईएसटीएटी) में चुनौती दी है। उसका कहना है उत्पाद का वर्गीकरण उद्योग के मानदंड के अनुरूप है और अधिकारियों ने पहले इस पर सवाल नहीं उठाया था।ऐसे ही एक अन्य मामले में नोकिया को दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत मिली थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने फरवरी में नोकिया के ?खिलाफ एडवांस रूलिंग अथॉरिटी के आदेश को खारिज कर दिया था। अथॉरिटी ने इसमें स्मॉल फॉर्म फैक्टर प्लगएबल (एसएफपी) ट्रांसीवर को पूर्ण दूरसंचार उपकरण के रूप में वर्गीकृत करने के लिए कहा था जिस पर 20 फीसदी शुल्क लगाया जाता है। मगर अदालत ने अपने फैसले में कहा कि एसएफपी कोई मशीन नहीं ब?ल्कि नेटवर्क का हिस्सा है और उन्हें उन वस्तुओं के रूप में वर्गीकृत करना सही है जिन पर शून्य सीमा शुल्क लगता है।घटनाक्रम के जानकार एक सरकारी अ?धिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया, 'इसका उद्देश्य मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप उच्चस्तरीय अत्याधुनिक दूरसंचार उपकरण उत्पादन के लिए आवश्यक वास्तविक उपकरणों पर शून्य शुल्क बनाए रखना है।

न्यूज इन शॉर्ट

पेंशनरों के हक पर फिर से डाका : डीआर के आदेश में 8 माह एरियर हजम कर गए

रायपुर। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने पेंशनरों और परिवार पेंशनरों के लिए 14 मई 25 के बेक डेट से आज प्रसारित 3% महंगाई राहत (डीआर) के आदेश को पेंशनरों के हक पर डाका करार दिया है। इस आदेश के जरिए एकबार फिर हर बार की तरह 8 माह का एरियर हजम कर गए। यह एक तरफ मोदी के गारंटी के विपरीत निर्णय के साथ साथ पेंशनरों और परिवार पेंशनरों हित के साथ घोर अन्याय है। राज्य के बजट से रिटायर ब्यूरोक्रेट और बिजली के कर्मचारियों को जुलाई 24 से डीआर लाभ दिया गया है फिर राज्य सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है यह यक्ष प्रश्न है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश इस बारे में शीघ्र मुख्यमंत्री से भेंट कर विरोध व्यक्त करेंगे। साथ ही प्रधान मंत्री को मोदी गारंटी के तहत किए गए वादा को याद दिलाते हुए राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों के साथ किए जा रहे अन्याय रोकने हेतु पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा।

किसान एवं युवा बेरोजगारों के लिए स्वर्णिम अवसर

रायपुर। छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र साहू ने आज रायपुर स्थित साहू समाज के कार्यालय कृष्णधाम परिसर में स्थापित तेलघानी मशीन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने मशीन की तकनीकी कार्यप्रणाली, तिलहन प्रसंस्करण की प्रक्रिया तथा विपणन (मार्केटिंग) के तौर-तरीकों को गंभीरतापूर्वक समझा। निरीक्षण के पश्चात श्री साहू ने इसे किसानों और बेरोजगार युवाओं के लिए एक अभिनव रोजगार माध्यम बताया।साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी पहल के तहत छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए नवाचारों को अपनाते हुए ठोस कदम उठा रहा है यह योजना किसानों और युवाओं को आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी। यह पहल न केवल स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग की दिशा में भी एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करेगी। निश्चित रूप से आने वाले समय में यह योजना छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भरता एवं समृद्धि की नई दिशा प्रदान करेगी।श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य के किसानों को तिलहन उत्पादन की ओर प्रेरित कर उन्हें शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ दिलाया जाए। इस दिशा में सरकार का प्रयास है कि किसानों को न केवल तिलहन उत्पादन में सहायता दी जाए, बल्कि आधुनिक तेल पेराई एवं विपणन तकनीकों से भी जोड़ा जाएगा, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकेगी।तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेलघानी मशीनों की स्थापना के माध्यम से उन्हें स्थायी रोजगार से जोड़ा जाएगा। इसके लिए युवाओं को विभागीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे इस क्षेत्र में दक्ष होकर स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकें और साथ ही अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकें।इस अवसर पर साहू समाज के अनेक विशिष्टजन उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के श्री सत्यप्रकाश साहू, धमतरी जिले से श्री अवनेंद्र साहू, कोण्डागांव जिले से श्री राजेश साहू, राजनांदगांव से श्री भागवत साहू, गरियाबंद से श्री नारायण साहू, मुंगेली से श्री पुहुप राम साहू, बलौदाबाजार से श्री सुनील साहू, दुर्ग से श्री नंदलाल साहू, रायपुर जिले से श्री नारायण लाल साहू विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

चाकू के साथ तीन युवक गिरफ्तार

रायपुर। सिविल लाइन और नेवरा थाना पुलिस ने चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन पुलिस ने ताजनगर पंडरी में चाकू लहराते आरोपी विक्रम सोनी 30 वर्ष और लक्की निर्मलकर 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी राहुल पंजवानी 22 वर्ष को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर पहुंचा सुशासन तिहार

मुख्यमंत्री साय पहुंचे दंतेवाड़ा जिले के ग्राम मुलेर

विजय मत,रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर संभाग के अतिदूरस्थ और आदिवासी बहुल ग्राम मुलेर का दौरा किया। यह गांव दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर स्थित अंतिम गांवों में से एक है, जहाँ अब नियद नेल्लानार योजना के तहत समावेशी विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। मुख्यमंत्री साय का ग्रामीणों ने महुआ, आमपत्ती से बने पारंपरिक हार और गौर मुकुट पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम का भी छिंद पत्तों से बने पारंपरिक गुलदस्तों से अभिनंदन किया गया।

मुख्यमंत्रीसाय ने इमली के पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामवासियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की जमीनी समस्याएं सुनीं और विकास की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। उन्होंने राशन दुकान का निरीक्षण किया, जहां हितग्राहियों से बातचीत कर राशन वितरण की नियमितता, गुणवत्ता, और उपयोग की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने खाद्यान्न का वजन भी मौके पर करवाया और एक हितग्राही का राशन कार्ड देखा। मुख्यमंत्री श्री साय ने आंगनबाड़ी में बच्चों से आत्मीय वार्तालाप कर उनके अक्षर ज्ञान, रंग-पहचान आदि की जानकारी ली और बच्चों को चॉकलेट वितरण किया। मुख्यमंत्री साय ने मौके पर ही कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं, जिनमें अंदल कोसम माता मंदिर निर्माण के लिए 4 लाख रुपए की स्वीकृति, ग्राम में उप स्वास्थ्य केन्द्र स्थापना, नाहाड़ी तक संपर्क सड़क का निर्माण तथा गांव के सभी पारा को जोड़ने हेतु पुलिया और सीसी सड़क निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की स्वीकृति शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही शिविर लगाकर वनाधिकार मान्यता पत्र, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर प्रदेश की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 9वां स्थान प्राप्त करने वाली दंतेवाड़ा की छात्रा रमशिला नाग से भी भेंट की, उसे पुष्पगुच्छ भेंटकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्राम मुलेर में मुख्यमंत्री श्री साय का यह दौरा न केवल सुशासन की संवेदनशीलता का प्रतीक रहा, बल्कि यह भी साबित करता है कि राज्य सरकार प्रदेश के हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए कटिबद्ध है। दंतेवाड़ा जिले की ग्राम पंचायत मुलेरः योजनाओं के क्रियान्वयन से हो रहा सर्वांगीण विकास उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले की दूरस्थ ग्राम पंचायत मुलेर विकास की नई इबारत लिख रही है। सीमित संसाधनों के बावजूद विभिन्न सरकारी योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन ने इस गांव को सशक्तिकरण, स्वावलंबन और सेवा की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान किया है। बड़े बचेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुलेर जिला मुख्यालय से लगभग 90 किमी दूर स्थित है। कुल 112 परिवारों में 474 लोग निवासरत हैं, जिनमें 100 प्रतिशत माड़िया जनजाति के लोग हैं। गांव में दो आंगनबाड़ी केन्द्र (बाल्केपारा व पटेलपारा) संचालित हैं। गांव में 6 महिला स्व-सहायता समूह कार्यरत हैं, जिनमें लक्ष्मी समूह को डीएमएफ मद से ट्रैक्टर प्रदाय किया गया है। इसका उपयोग खेती के साथ-साथ किराए पर भी किया जा रहा है। बीपीएल कार्डधारी परिवारों को राशन की नियमित आपूर्ति की जा रही है। गांव में सौर ऊर्जा से होम लाइटिंग की व्यवस्था है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू, अंतिम तिथि 31 जुलाई

रायपुर । केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष से कम आयु (31 जुलाई तक) के ऐसे बच्चों को दिया जाएगा जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति और विज्ञान-प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जानकारी दी कि नामांकन पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। पात्र बच्चों के लिए नामांकन की आयु सीमा 5 से 18 वर्ष तय की गई है। कोई भी व्यक्ति या संस्था ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को नामांकित कर सकती है। इच्छुक बच्चे स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं। नामांकन के लिए पंजीकरण के दौरान आवेदकों को अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ईमेल, आधार संख्या सहित अन्य जानकारी देनी होगी।

वेटिवर फार्मिंग टेक्नोलॉजी पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

प्रदेशवासियों को औषधीय पौधों की खेती से जोड़ें: औषधीय एवं पादप बोर्ड अध्यक्ष विकास मरकाम

विजय मत,रायपुर। छत्तीसगढ़ में खुशबूदार खस (वेटिवर) की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। इस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा आज बोर्ड कार्यालय के सभाकक्ष में व्हवेटिवर फॉर्मिंग टेक्नालॉजीच विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम ने की।बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम ने कार्यशाला के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेशवासियों को औषधीय पौधों के सरंक्षण, संवर्धन एवं कृषिकरण से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक दृष्टि से सक्षम बनाने के प्रयास किए जाएं। आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड की कृषिकरण परियोजनाओं का अधिक से अधिक लाभ छत्तीसगढ़वासियों को दिलाया जाए। साथ ही औषधीय पौधों की खेती करने वाले एवं औषधीय पौधों के संग्रहण करने वाले लोगों को इसके खरीदे जाने वाले मूल्य की जानकारी भी दी जाए।कार्यशाला में बताया गया कि औषधीय गुणों वाले खस के तेल का अगरबत्ती, इत्र, साबुन, औषधीय निर्माण, सौन्दर्य प्रसाधन और एरोमा उद्योगों में किया जाता है। साथ ही लघु उद्योग और घरों में इसकी जड़ों का उपयोग चटाइयाँ बनाने में, चारे के रूप में व पलवार के रूप में छप्पर निर्माण में किया जाता है। वेटिवर घास से टोकरियाँ, पाउच, खिड़की के आवरण, दीवार पर लटकने वाली वस्तुएं बनाने और छप्पर की छतों में आमतौर किया जाता है। औषधि उपयोग में यह तंत्रिका और रक्त संचार संबंधी समस्याओं तथा पेट दर्द की लिए उपयोगी होता है। इसके व्यापक उपयोग के कारण इसकी खेती करने वाले किसानों को बाजार में अच्छा मूल्य मिलता है। एक लीटर वेटिवर तेल का मूल्य वर्तमान में 15 हजार रूपए से 20 हजार रूपए प्रति लीटर है।

कम पानी में भी की जा सकती है खस की खेती-बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जे.ए.सी.एस.राव ने कार्यशाला में बताया कि वेटिवर रोपण से स्थानीय किसान व ग्रामीण क्षेत्रों के समुदायों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा, क्योंकि इनका रोपण अत्यधिक सरल होने के साथ-साथ इनके जड़ों से प्राप्त होने वाले तेल की बाजार में अच्छी मांग है। इसका मूल्य भी अधिक मिलता है।

न्यायालयों में ऑनलाइन गवाही की व्यवस्था सुनिश्चित करें- मुख्यमंत्री

विजय मत,रायपुर। मुख्यमंत्र विष्णु देव साय ने बीजापुर जिला मुख्यालय में आयोजित संयुक्त समीक्षा बैठक के दौरान न्यायिक व्यवस्था को जनहितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि दूरस्थ अंचलों में रहने वाले ग्रामीणों को समय पर और सुलभ न्याय दिलाने के लिए न्यायालयों में ऑनलाइन गवाही की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक का उपयोग कर न्यायिक प्रक्रिया को सहज और तेज किया जा सकता है, जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था विशेष रूप से आदिवासी अंचलों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी जहाँ आवागमन की कठिनाइयों के चलते लोग न्यायालय तक नहीं पहुंच पाते। बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री चैत राम अट्टामी, पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, डीजीपी श्री अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह आयुक्त जनसंपर्क डॉ. श्री रवि मित्तल, संभाग आयुक्त श्री डोमन सिंह, दोनों जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रसुशासन तिहार सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही का प्रतिबिंब है। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार 2025 तीन चरणों में चलाया जा रहा है।

बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु भूमि आबंटन के लिए राज्य शासन ने कलेक्टरों को लिखा पत्र

विजय मत,रायपुर। राज्य शासन ने जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए नगरीय निकायों में स्थापित किये जाने वाले बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु भूमि आबंटन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी परिपत्र में विगत 17 अप्रैल को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि मंत्रिपरिषद के निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट-सह-कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि का आबंटन किया जाना है। बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित नगरीय निकाय को अधिकृत किया गया है।राज्य शासन ने नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किया जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए अधिकतम दस एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन रियायती लीज दर एक रुपए प्रति वर्गमीटर के मान से करने के लिए कलेक्टरों को निर्देशित किया है। विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को अधिकतम 25 वर्षों की लीज पर भूमि आबंटित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

2026 तक नक्सलमुक्त भारत हमारा संकल्प है: सफल नक्सल ऑपरेशन पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने की सुरक्षा बलों के साहस की सराहना

- लाल आतंक के विरुद्ध निर्णायक विजय: मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुरक्षाबलों के साहस और समर्पण को किया नमन*

विजय मत,रायपुर। नक्सल उन्मूलन अभियान को निर्णायक मोड़ पर ले जाते हुए छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सल विरोधी ऑपरेशन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस ऐतिहासिक सफलता पर सुरक्षा बलों को बधाई दी है और इस निर्णायक उपलब्धि को नक्सलमुक्त भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए हम दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं।मुख्यमंत्री साय ने सुरक्षा बलों विशेषकर सीआरपीएफ, एसटीएफ और डीआरजी के जवानों की सराहना करते हुए कहा कि लाल आतंक के विरुद्ध चल रही इस निर्णायक लड़ाई में हमारे वीर जवानों ने विषम परिस्थितियों में पूरी बहादुरी से नक्सलियों का सामना किया है। उनके अदम्य साहस, धैर्य और पराक्रम को मैं नमन करता हूं।मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि अब वह दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ पूरी तरह नक्सलमुक्त होगा, और बस्तर के गांव-गांव में शांति, समृद्धि और विकास की नई रोशनी फैलेगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने ट्वीट करके बताया है कि छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के दुर्गम क्षेत्र पर हाल ही में हुए अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराकर नक्सल उन्मूलन अभियान में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। उन्होंने इलाके किया है कि यह क्षेत्र रणनीतिक योजना, नक्सल प्रशिक्षण और हथियार निर्माण का गढ़ रहा है। आज उसी पहाड़ पर शान से तिरंगा लहरा रहा है इस जीत को भारत की आंतरिक सुरक्षा और संप्रभुता की विजय का प्रतीक है केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम नक्सलवाद को जड़ से मिटाने के लिए संकल्पित हैं। मैं देशवासियों को पुनः विश्वास दिलाता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत का नक्सलमुक्त होना तय है।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने एम्स दिल्ली पहुँचकर नक्सल हमले में घायल जवानों से मुलाकात कर जवानों का हौसला बढ़ाया

विजय मत,रायपुर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती घायल सीआरपीएफ जवानों से मुलाकात की। ये जवान हाल ही में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कुर्रेगुट्टालु पहाड़) में नक्सल विरोधी ऑपरेशन के दौरान घायल हुए थे। इस ऑपरेशन में कोबरा बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट श्री सागर गणेश बोराडे, हेड कांस्टेबल श्री मुनेश चंद शर्मा, कांस्टेबल श्री कृष्ण कुमार गुर्जर और कांस्टेबल श्री धनुराम शामिल थे।उपमुख्यमंत्री ने जवानों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनका हौसला बढ़ाया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि हमारे वीर जवानों के चेहरे पर मुस्कान देखकर गर्व होता है। आपकी भुजाओं की ताकत और साहस को पूरा देश देख रहा है। मैं आपके साहस और समर्पण को प्रणाम करता हूं। उन्होंने जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

खास-खबर

डेंगू की रोकथाम है सर्वोच्च प्राथमिकता- मंत्री जायसवाल

डेंगू के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने मनाया जाएगा राष्ट्रीय डेंगू दिवस

विजय मत,रायपुर। प्रदेश में डेंगू नियंत्रण के लिए किए गए ठोस उपायों का सकारात्मक परिणाम डेंगू के मामलों में कमी के रूप में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग की समन्वित रणनीतियों तथा व्यापक जनजागरूकता अभियानों के परिणामस्वरूप वर्ष 2025 की पहली तिमाही में डेंगू के मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। जनवरी से अप्रैल माह के दौरान राज्य में डेंगू के मामलों में 65 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जो स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में किए जा रहे सुदृढ़ प्रयासों की प्रभावशीलता को दर्शाती है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार ने डेंगू की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। समय रहते प्रभावी कदम उठाए गए, जिसका परिणाम है कि आज डेंगू के मामलों में

उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिल रही है। यह सफलता सरकार और जनता, दोनों के सहयोग का प्रतिफल है।इ डेंगू नियंत्रण की दिशा में यह सकारात्मक प्रगति प्रदेश की स्वास्थ्य प्रणाली की सजगता और प्रभावशीलता का परिचायक है।

विदित हो कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण भी डेंगू नियंत्रण में एक प्रमुख कारक रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक समुचित संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। डेंगू की शीघ्र जांच और उपचार के लिए विशेष जांच शिविर लगाए जा रहे हैं, जिससे मरीजों को समय पर इलाज मिलना संभव हो पाया है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों एवं डॉक्टरों की टीम को विशेष प्रशिक्षण देकर डेंगू जैसी बीमारियों के उपचार में दक्ष बनाया गया है।पानी की टंकियों, कूलरों, गमलों, पुराने टायरों और अन्य बर्तनों को नियमित रूप से खाली और साफ करें। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें और शरीर को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहनें। मच्छरदानी का प्रयोग मच्छरों से बचाव का सस्ता, सरल, प्रभावी और हानिरहित उपाय है। इसके अलावा, घर की खिड़कियों और दरवाजों पर जाली लगवाएं ताकि मच्छर घर में प्रवेश न कर सकें। यदि डेंगू के लक्षण जैसे तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, शरीर पर लाल चकत्ते आदि दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। डेंगू के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है, लेकिन उचित देखभाल और चिकित्सकीय सलाह से रोगी की स्थिति में सुधार संभव है। इसलिए, डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता और सतर्कता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

फॉगिंग, सर्वे और इलाज का दिखा असर

डेंगू नियंत्रण को लेकर सरकार की सजगता, समयबद्ध फॉगिंग, घर-घर सर्वेक्षण, लार्वा नियंत्रण और प्राथमिक उपचार की बेहतर व्यवस्था ने मिलकर यह परिणाम दिलाया है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर,रायगढ़ जैसे शहरी जिलों में जहां डेंगू के केस ज्यादा आते थे, वहां भी मामलों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

स्वास्थ्य विभाग के अभियानों के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी घरों और आसपास की सफाई, जल जमाव रोकने जैसे कार्यों में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। पंचायतों, स्कूलों और नगरीय निकायों द्वारा जागरूकता रैलियां और कार्यक्रम आयोजित किए गए।

डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता आवश्यक

डेंगू एक गंभीर वायरल बुखार है, जो एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर मुख्यतः दिन के समय सक्रिय रहते हैं और साफ, स्थिर पानी में पनपते हैं। इसलिए, घरों और आसपास के क्षेत्रों में जलजमाव को रोकना अत्यंत आवश्यक है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमां पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तम्भ चौक, रायपुर (छग) से मुद्रित एवं डी-17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर, गुढ़ियारी, रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला। प्रधान संपादक- विजय शुक्ला*। आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो.-8889977997